इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -113 | राजनांदगांव, शुक्रवार 08 मार्च 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए


Udayachal Health & Research Institute
(Run By Udayachal)
Require
Ophthalmic Asst. - 6 Post,
Salary Minimum-15000/- PM
Nursing -10 Post, Pref. B.Sc. Nursing
Salary Minimum-10000/- PM
Subect To Experience, Free Residence facility
Driver- 4 Post for mobile bus and ambulance
Candidate may Submit resume by Email or directly at Udayachal Eye Hospital New Building, Room No. 7
Last date to submit resume 8th March 2024
(Email ID_udayachalrjn@gmail.com)

## आठ साल में 22 करोड़ युवाओं ने मांगी सरकारी नौकरी, 7.22 लाख को मिला रोजगार, 35000 छात्रों ने की खुदकुशी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले देश में बेरोजगारी का मुद्दा गर्माने लगा है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी समेत दूसरे विपक्षी दलों के नेता भी प्रमुखता से यह मुद्दा उठा रहे हैं। युवा हल्लाबोल के अध्यक्ष अनुपम कहते हैं, रोजगार आज देश का सबसे बड़ा मुद्दा है। बेरोजगार युवा देश का सबसे बड़ा वर्ग है। अनुपम ने बताया, हर साल दो करोड़ रोजगार का वादा कर सत्ता में आई मोदी सरकार ने दस साल में करोड़ों रोजगार नष्ट कर दिए हैं। एनसीआरबी आंकड़ों के अनुसार, भारत के बेरोजगार युवा अब हताश होकर आत्महत्या करने लगे हैं। तीन साल में करीब 35000 छात्रों ने खुदकुशी की है। सबसे ज्यादा दिहाड़ी मजदूर अपनी जान गंवा रहे हैं। केंद्र सरकार, गत आठ वर्ष में मात्र 7.22 लाख नौकरी दे सकी है, जबकि आवेदकों की संख्या 22 करोड़ से भी ज्यादा थी।

युवा हल्लाबोल के अध्यक्ष के अनुसार, बेरोजगारी आज जीवन मरण का सवाल बन चुका है। ये सिर्फ इन आंकड़ों से ही साबित नहीं होता, बल्कि समाज की दुखद सच्चाई भी है। केंद्र सरकार यह मानने को भी तैयार नहीं कि हम संकट के दौर से गुजर रहे हैं। युवाओं को रोजगार देने की बजाए सिर्फ खोखले दावों का प्रचार मिल रहा है। जुमलों और नारों के शोर में सच्चाई को दबाने की लगातार कोशिश हो रही है। बड़े-बड़े वादे और दावे करने वाली सरकार आठ साल में मात्र 7.22 लाख नौकरी दे सकी है। रिक्त पड़े पदों को भी सरकार पूरी तरह से नहीं भर पा रही है। यदि आंदोलन के दबाव में भर्ती निकलती है, तो उसका पेपर लीक हो जाता है। मेहनती छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ आम बात हो गई है। पेपर लीक आज एक राष्ट्रीय समस्या बन चुकी है। अनुपम ने बताया, 'परीक्षा पे चर्चा' करने वाले प्रधानमंत्री ने पेपर लीक पर कभी चर्चा नहीं की। लगातार हो रहे इन पेपर लीक का नतीजा है कि बेरोजगार युवा, मानसिक अवसाद में जी रहे हैं। उनमें सिस्टम के प्रति गहरा अविश्वास भी पनप रहा है। सामान्य परिवारों से आने वाले मेधावी छात्रों के लिए ईमानदारी से एक अदद नौकरी पाना, आज किसी सपने जैसा हो गया है। असल बात है कि बेरोजगारी दूर करना, मोदी सरकार की प्राथमिकता है ही नहीं।

युवाओं को जॉब देना न सरकार की (शेष पृष्ठ 6 पर...)















# सीसीटीवी कैमरे से लैस होगा राजनांदगांव शहर

## कलेक्टर की अपील पर समाज प्रमुख, संगठन, व्यापारी वर्ग, समाज सेवी, चेम्बर ऑफ कामर्स, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक आये आगे

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने शहर की सुरक्षा के दृष्टीकोण से जनप्रतिनिधि, चेम्बर ऑफ कामर्स, समाज प्रमुख, संगठन, व्यापारी संघ, समाजसेवी, गणमान्य नागरिकों की बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जनसहभागिता के सहयोग से शहर को सीसीटीवी कैमरे से लैस किया जा रहा है ताकि राजनांदगांव शहर में अपराधियों पर नकेल कसा जा सके। क्राइम करने वाले लोगों में अपराध करने से पहले डर हो कि उनकी सारी गतिविधियां कैमरे में रिकॉर्ड किया जा सके। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना पर काबू पाने के लिए यह सीसीटीवी कैमरे कारगर साबित होगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शहर की सुरक्षा के लिए जनसहयोग से सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने की बात कहीं। इसके लिए शहर के व्यापारी वर्ग, समाजसेवी, चेम्बर ऑफ कामर्स, समाज प्रमुख सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने सहमति प्रदान की। उन्होंने कहा कि शहर में अपने लोग रहते हैं उनको सुरक्षित रखना हमारी जवाबदारी होती है। इसके लिए शहर के प्रत्येक चौक-चौराहो, शहर में आने-जाने वाले रास्तों पर, शहर के मेन मार्केट एरिया, कॉलोनियों, गली-मोहल्लों सहित



अन्य जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। जो किसी घटना के लिए प्रमाण के रूप में कार्य करेगा। जिससे शहर में चौरी, अपराध, दुर्घटना सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखा जाएगा और उसका शीघ्र निराकरण करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरा लगने से अपराध एवं चौरी करने की भावना में कमी लाया जा सकता है। उन्होंने चिन्हांकित स्थानों के नाम भी बैठक में रखी। उन्होंने शहरवासियों से कहा कि सीसीटीवी कैमरा उनकी सुरक्षा करने के लिए लगाया जा रहा है।

- जनसहभागिता से लगेंगे शहर में सीसीटीवी कैमरा
- अपराधिक गतिविधियों में कमी लाने के लिए किया जा रहा प्रयास
- सीसीटीवी कैमरा शहर के चौक-चौराहों सहित गली-मोहल्लों में भी लगाने के लिए बनाई गई कार्ययोजना

उन्होंने कहा कि शहर में 300 से अधिक कैमरे लगाए जाएंगे। इससे पूरे शहर की 24 घंटे मॉनिटरिंग होती रहेगी। सीसीटीवी की मदद से खासतौर पर अपराध नियंत्रण में बहुत मदद मिलेगी। अपराधी और शरारती तत्वों पर भी इन कैमरों से नजर रखी जाएगी। उन्होंने शहर के सभी बैंक के अधिकारियों को भी सहयोग करने के निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि शहर में अभी वर्तमान में 152 सीसीटीवी कैमरे लगे है। जिससे अपराधिक गतिविधियों को जांच करने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि ज्यादा संख्या में शहर में सीसीटीवी कैमरे लगने से अपराधिक गतिविधियों को रोका जा सकता है और इसका शीघ्र निराकरण करने में मदद मिलेगी। बैठक में शहर के समाज प्रमुख, संगठन, चेम्बर ऑफ कामर्स, व्यापारी संघ, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने अपनी सहमति दी और सभी ने आर्थिक रूप से सहभागिता देने की बात कही। बैठक में गणमान्यजनों ने अपने-अपने सुझाव भी रखे।

शहर में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए एबीस ग्रुप द्वारा 11 लाख रूपए की सहयोग राशि देने की बात कही गई। इसी तरह विनोद बोहरा ने 5 लाख रूपए, सुनील अग्रवाल ने 5 लाख रूपए, ट्रांसपोर्ट एसोसिएट द्वारा 5 लाख रूपए, प्रतीक खण्डेलवाल द्वारा 5 लाख रूपए, सुनील मुंदड़ा ने 5 लाख रूपए, राजेश जैन ने 3 लाख रूपए, गुरूदेव राईस मिल द्वारा 2 लाख रूपए की सहयोग राशि देने की बात कही गई। बैठक में इसके संचालन और तकनीकी टीम के लिए सदस्यों को भी चुना गया। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि सहित जनप्रतिनिधि, व्यापारी संघ, समाजसेवी, संगठन, चेम्बर ऑफ कामर्स के प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## निगम आयुक्त स्टेशन पारा एवं गौरी नगर में सफाई व निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान



### राजस्व करों का भुगतान करने करदाताओं से किये अपील

राजनांदगांव (दावा)। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता प्रतिदिन प्रात: साफ सफाई एवं निर्माण कार्यो का वार्डो में निरीक्षण कर निर्माण कार्य में गति लाने तथा सफाई व्यवस्था में सुधार लाने निर्देशित कर रहे है। निरीक्षण की कडी में उनके द्वारा आज वार्ड नं. 12 स्टेशन पारा वार्ड तथा वार्ड नं. 13 गौरी नगर में सफाई एवं निर्माण का जायजा लेकर करदाताओं से अपने लंबित राजस्व करों का भुगतान करने अपील किये।

आयुक्त श्री गुप्ता स्टेशन पारा गौरी नगर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लिये, उन्होंने वार्डवासियों से रूबरू होकर साफ सफाई के बारे में जानकारी ली, तथा स्वास्थ्य अधिकारी श्री दीपक अग्रवाल को श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि किसी सफाई कर्मी के बदले कोई भी अन्य कार्य नहीं करेगे, कार्य करते पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जावेगी। निष्ठा से हाजरी लेना सुनिश्चि करे, अनुपस्थिति पर कार्यवाही करे। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक कार्य करेगें, इस संबंध में निरीक्षण करने वार्ड प्रभारियों को निर्देशित करे।

आयुक्त श्री गुप्ता निरीक्षण के दौरान स्टेशन पारा क्षेत्र में करदाताओं से रूबरू हो अपने बकाया करों का भुगतान करने की अपील किये। उन्होने राजस्व अधिकारी श्री अग्रवाल से कहा कि करदाताओं को डिमाण्ड देकर रसीद देवे, एवं डिमण्ड के विरूद्ध वसूली करे। उनके द्वारा श्री अमृत भाई प्रभुदास पटेल के घर जाकर संपतिकर का डिमाण्ड दिया गया, जिसपर श्री पटेल ने 21 हजार 2 सौ 90 रूपये का चेक दिया। उन्होंने सभी करदाताओं से कहा कि वे अपने करों का भुगतान अपने वार्ड मोहर्रिर को करे या कार्यालयीन अवधि में निगम में आकर भी भुगतान कर सकते है।

स्टेशनपारा गौरी नगर में निर्माण कार्य देख आयुक्त श्री गुप्ता गौरी नगर के नाली निर्माण कार्य में तेजी लाने निर्देश दिये, उन्होंने स्टेशन पारा आम्बेडकर मंगल भवन निर्माण कार्य का जायजा लेकर कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके से जानकरी लिये। श्री रामटेके ने जानकारी दी कि अधोसंरचना मद अंतर्गत 25 लाख रूपये की लागत से भवन निर्माण किया जा रहा है। आयुक्त ने कहा कि भवन निर्माण ड्राईंग डिजाईन के आधार पर हो कार्य की निरंतर मानिटरिंग कर गुणवत्ताा के साथ समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करावे। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम, उप अभियंता सुश्री सुषमा साहू व श्री डाकेश्वर कर्ष, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा,स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### आज पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के कार्यक्रम का होगा रेडियो संगवारी एफ.एम 90.8 मे प्रसारण



राजनांदगांव (दावा)। जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग जिन्हे राष्ट्रपति से लगातार सम्मान मिल रहा है अपने बेहतर प्रबंधन के बूते जिस भी जिले में उन्होंने अपनी सेवाएं दी निश्चित रूप से उन्हें लोग याद जरूर करते हैं, वर्तमान में वह राजनांदगांव में पदस्थ है और पुलिस की कार्यप्रणाली बेहतर हो पुलिस हमेशा सजग और चौकस रहे नशे के खिलाफ सुव्यवस्थित यातायात और कानून व्यवस्था को बेहतर करने में निरंतर कार्य कर रहे हैं। रेडियो संगवारी एफएम 90.8 में जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने में बेबाकी से सवालों का जवाब दिया और जिले वासियों के लिए संदेश भी पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के कार्यक्रम का आज होगा रेडियो संगवारी एफ.एम 90.8 मे प्रसारण दोपहर 3.00बजे और संध्या 7.00बजे हर सवालों का जवाब और उनके पसंद के गीत भी।

### एन.पी.एस. की छात्रा श्रेयारानी को शोकांजलि



राजनांदगांव (दावा)। पेण्ड्री स्थित नीरज पब्लिक स्कूल की 7वीं कक्षा की होनहार विद्यार्थी श्रेया रानी साहू का असामयिक दु:खद निधन गत दिनांक 5 मार्च को हो गया। वह विगत कुछ दिनों से अवस्थ चल रही थी। शाला की प्राचार्या सुश्री भारती गौते सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने एक शोक सभा में मौन रहकर उसे श्रद्धांजलि अर्पित की। समस्त शाला परिवार एवं शाला प्रबंधन ने छात्रा के परिजनों के प्रति संवेदना एवं मृतात्मा को शोकांजलि प्रदान की है।

### शंकरपुर में आज सांस्कृतिक कार्यक्रम 'मया के अंजोर'

राजनांदगांव (दावा)। शंकरपुर शारदा चौक में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव मंदिर सेवा समिति के तत्वावधान में 8 मार्च शुक्रवार दोपहर 12 बजे से महाआरती, शाम 4 बजे से महाप्रसादी एवं भंडारा, रात्रि 8 बजे से लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम 'मया के अंजोर' ग्राम सुरेगांव वालों का रखा गया है। समिति ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति देकर महाप्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करने अपील की। उक्त जानकारी समिति के सचिव सौरभ वैष्णव ने दी।

## किसानों के खाते में 12 मार्च को जाएगी अंतर की राशि - कोमल सिंह राजपूत

राजनांदगांव (दावा)। सोसाइटी में समर्थन दर पर धान खरीदी के अंतर की राशि 12 मार्च को प्रदेश भर के किसानों के खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी यह जानकारी आज शाम प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में देते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 9 मार्च को आयोजित किसान महाकुंभ के संबंध में सविस्तार जानकारी दी उन्होंने बताया कि किसान महाकुंभ में राजनांदगांव जिले से 6हजार सहित पूरे छत्तीसगढ़ भर से 2 लाख किसान वहां इकट्ठे होंगे जिन्हें देश के रक्षा मंत्री एवं पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री राजनाथ सिंह संबोधित करेंगे

जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष हिरेंद्र साहू जिला भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री दादुराम सोनकर और जिला भाजपा मीडिया प्रकोष्ठ के संयोजक अमर लालवानी की उपस्थिति में कोमल सिंह राजपूत ने केंद्र सरकार किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी फोल्डर के माध्यम से देते हुए कहा कि यह किस महाकुंभ किसानों द्वारा केंद्र सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है किसान महाकुंभ में किसानों को राजनाथ सिंह का मार्गदर्शन प्राप्त होगा श्री राजपूत ने आगे कहा कि आज से साढ़े पांच दशक पहले तक कृषि ऋण पर ब्याज 15 से 16त्न लगता था किसान ऑन की ऋण पुस्तिका उनके कर्ज लेने पर रख रखा जाता था ऋण पुस्तिका बाजार में गिरवी रखी जाती थी बैंकों में भी रखा जाता था इस पीड़ा को कम करने के लिए भाजपा नीत या भाजपा सरकार ने घटाकर 7त्न फिर 5त्न 3त्न 2त्न करते हुए शून्य प्रतिशत किया किसान की ऋण पुस्तिका गिरवी नहीं रखी जाती अटल बिहारी वाजपेई प्रधानमंत्री थे तो उन्होंने किसान क्रेडिट योजना शुरू की आज किसानों की



**रायपुर में किसान महाकुंभ को लेकर पत्रकार वार्ता**

दशा काफी सुधरी है वे चेक काटकर खाद बीज का पेमेंट करते हैं श्री राजपूत ने गर्व महसूस करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत केंद्र सरकार की धुरी किसान और कृषि योजनाओं पर टिकी हुई है कांग्रेस की सरकार के समय मंडी बंदी हुआ करती थी जैसे कि डोंगरगांव मंडी क्षेत्र का किसान राजनांदगांव मंडी में अपनी उपज नहीं भेज सकता था उन प्रतिबंधों को भाजपा सरकार ने खत्म किया आज यहां के किसान अपनी उपज राज्य के बाहर भी बेच सकता है मोदी सरकार कृषि के यंत्रीकरण और कृषकों की आमदनी दुगुनी करने का संकल्प कर चुकी है समय-समय पर उपज की एमएसपी बढ़ाती रही है पहले कृषि बीमा विकासखंड स्तर पर हुआ करता था किसानों को बीमा कराने बड़ी दूरी तय करनी पड़ती थी फिर पटवारी और फिर पंचायत स्तर पर हुआ और आखरी में गांव स्तर पर भी हो गया है किस को खेत में ही नहीं खलिहान में भी मौसम जनित या दुर्घटना जनित फसल क्षति होने पर भी बीमा की राशि मिलने लगी है उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय नीत भाजपा की सरकार बनने के 24 घंटे के भीतर 2 साल का पुराना धान बोनस किसानों को मिला सोसाइटी में समर्थन दर पर बेचे गए धान के अंतर की राशि 12 तारीख को किसानों के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कर दी जाएगी

### लो वोल्टेज से किसानों की परेशानी पर यह जवाब

जिले में लो वोल्टेज से कृषकों सहित ग्रामीणों की परेशानी और इस पर विपक्ष कांग्रेस के विधायक द्वारा आंदोलन की चेतावनी दिए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि बिजली की परेशानी को तो सभी जानते हैं कटौती नहीं हो रही है यह समय मेंटेनेंस का है एक अन्य प्रश्न के उत्तर में श्री राजपूत ने कहा कि किसानों के नाम पर फर्जीवाड़ा का वे विरोध करते हैं

## स्टेशन पारा में शीतला मंदिर का भूमिपूजन, हमर क्लीनिक में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण



राजनांदगांव (दावा)। आज स्टेशन पारा में मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी, महापौर हेमा देशमुख, किशन खण्डेलवाल, रूपेश दुबे, शहर उत्तर ब्लाक अध्यक्ष व पार्षद प्रतिनिधि आसिफ अली के प्रयास से वार्ड में शीतला मंदिर (तालाब पार) का भूमिपूजन, हमर क्लीनिक में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण, दो शिव मंदिर का निर्माण व भूमिपूजन सहित विभिन्न कार्यक्रम में वार्ड के समिति शिव शक्ति महिला समिति, श्री आदर्श दुर्गा उत्सव समिति, श्री सार्वजनिक शीतला मंदिर समिति, शिव मंदिर एकता समिति सहित वार्डवासियों के सहयोग से वार्ड में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हुए। इस दौरान मुख्य रूप से पार्षद सिद्धार्थ डोंगरे, पार्षद अजय छेदय्या, उत्तर ब्लाक के पदाधिकारी, बुथ अध्यक्ष सहित वार्ड के बुजुर्ग, महिला, युवा साथी एवं वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**दो शिव मंदिर का निर्माण व भूमिपूजन सहित विभिन्न कार्यक्रम सपन्न**

## लोकसभा निर्वाचन : प्रिंटर्स एवं पब्लिसर्स की बैठक 11 मार्च को

राजनांदगांव (दावा)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत प्रिंटर्स एवं पब्लिसर्स की बैठक 11 मार्च 2024 को शाम 4 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में संबंधित अधिकारियों तथा प्रिंटर्स एवं पब्लिसर्स को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## रोजगार कार्यालय में 11 मार्च को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र राजनांदगांव में 11 मार्च 2023 को सुबह 10.30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

उप संचालक श्री एसव्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड लालपुर रायपुर द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड, असिस्टेंट सुपरवाईजर, सिक्यूरिटी सुपरवाईजर, कारपेंटर, सिक्यूरिटी गार्ड, मार्केटिंग तथा सनसूर श्रुष्टी इंडिया प्राईवेट लिमिटेड गोंदिया महाराष्ट द्वारा असिस्टेंट मैनेजर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, मोबाईल एप प्रमोशन के विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोर्ट साईज फोटो एवं रोजगार पंजीयन कार्ड के साथ प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-6-8
124-7 110-2
राजधानी
2-5-7
278-7 338-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**प्लाट बेचना है**

शानदार लोकेशन बसंतपुर राजनांदगांव में प्लाट 25x50 के उपलब्ध है.

-: संपर्क करें :-
मो.-6261339229

**जमीन बेचना है**

कोटरा जय बाबा राईस मिल के पास बांधाबाजार, जिला मोहला-मानपुर, अं. चौकी में 2 एकड़ 39 डिसमिल जमीन अतिशीघ्र बेचना है.

-: संपर्क :-
मो.-9479006044
9424106868

**दीक्षा मार्बल एण्ड ग्रेनाईट**

सभी प्रकार के टाईल्स, मार्बल ग्रेनाईट, कोटा, पत्थर उपलब्ध एवं फिटिंग सुविधा उपलब्ध



नोट- नेरोलेक वाटर प्रूफ का कार्य किया जाता है

पता : पाटीदार भवन के बाजू में, जी.ई. रोड, राजनांदगांव,
मो.नं. 8269949909, 8234045745

**dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में**

आज ता. 8 से भव्य शुभारंभ रोजाना 4 खेलों में

समय : 12, 3, 6 व 9 बजे

बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।

अजय देवगन के द्वारा निर्मित इस वर्ष की बेहतरीन 'हॉरर डरावनी' फिल्म

**शैतान**

कलाकार - अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, जानकी बोदीवाला, आर. माधवन, मंगत पाठक, अभिषेक पाठक आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

**SILVER SCREEN MULTIPLEX**
8th March to 14th March 2024




Shaitaan - 12:30, 03:00, 03:30, 06:30, 09:00 & 09:30 pm




Article 370 - 12:00 & 06:00 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

**कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक**
**भारत रत्न स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय संबंद्ध चिकित्सालय, राजनांदगांव (छ.ग.)**

क्रमांक/1840/स्टीवर्ड/2024 — राजनांदगांव, दिनांक- 05/03/24

**।। द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना वर्ष 2023-24 ।।**

भारत रत्न स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय, राजनांदगांव के विभिन्न वार्डो/विभागों में पेंटिंग व लिखाई हेतु द्वितीय निविदा वर्ष 2023-24 इच्छुक फर्मो से आमंत्रित किया जाता है। निविदा के नियम शर्तो का अवलोकन कार्यालयीन समय में कक्ष क्रं. 21 से प्राप्त किया जा सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रपत्र मूल्य | 500/- रू. वापसी अयोग्य |
| 2. | अमानती राशि | 10,000/- रू. |
| 3. | निविदा फार्म क्रय करने की तिथि (निविदा प्रकाशन की तिथि से) | दिनांक 20.03.2024 अपरान्ह 05 बजे तक |
| 4. | निविदा प्राप्ति (जमा) की अंतिम तिथि | दिनांक 22.03.2024 दोपहर 12 बजे तक |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि | दिनांक 22.03.2024 दोपहर 01 बजे तक |

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय राजनांदगांव (छ.ग.)

जी-08391/1

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
**जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.मा.क्रं. 202401090100019
अ-21 (क) वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक श्री देवेश डेकाटे पिता स्व. सोमनाम डेकाटे एवं अन्य निवासी वार्ड नं. 4 आशीर्वाद कॉलोनी, सांई कृपा हॉस्पिटल के पीछे कौरिनभाठा जिला राजनांदगांव द्वारा उनके दादा को वर्ष 1977-78 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी होने के कारण शासन द्वारा प्रदत्त सीलिंग से प्राप्त भूमि स्थित ग्राम रेवाडीह प.ह.नं. 42 स्थित खसरा नंबर 384/7 रकबा 1 एकड़ भूमि को पुत्रियों की शादी, मकान निर्माण में हुये कर्ज एवं माता के ईलाज में खर्च होने के कारण विक्रय करने की अनुमति बाबत् अनुविभागीय अधिकारी, रा. राजनांदगांव के माध्यम से जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 28/3/24 को उपस्थित होकर पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 5/3/24 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक 5/3/24
सुनवाई दिनांक 28/3/24

तहसीलदार,
राजनांदगांव (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, राजनांदगांव (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

राजस्व मामला क्रमांक
202403093700003 अ-6 वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रिकेश जैन आ. ज्ञानचंद जैन एवं अन्य, निवासी-वर्धमान नगर, राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर शहर राजनांदगाँव मोहल्ला टांकापारा जी.ई. रोड स्थित शीट क्रं. 59 सी. भूखण्ड क्रमांक 34/2. क्षेत्रफल 309.014 वर्गमीटर जो धारकगण सीमा खण्डेलवाल ध. प. महेश कुमार खण्डेलवाल, मिनिषा खण्डेलवाल आ. महेश कुमार खण्डेलवाल, निवासी-कामठी लाईन, राजनांदगांव के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। उक्त आवेदित भूखण्ड पर विक्रय विलेख के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है।

अत: उक्त भूमि/मकान/ संपत्ति के नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था जो इस भूखण्ड पर हित रखते है, पेशी तारीख 20.03.2024 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में प्रस्तुत आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया ।

नजूल अधिकारी
नजूल जांच, राजनांदगाँव

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, RAJNANDGAON (C.G.)**

Letter No. 1882 — Date: 7/03/2024

**TENDER NOTICE**

RAJNANDGAON Municipal Corporation invites sealed tenders from cligible contractors/firms in two bid systems (Technical & Financial bid) for "Day to Day Operation and maintenance of Swimming Pool" at INTERNATIONAL HOCKEY STADIUM CAMPUS RAJNANDGAON. Tender Document can be obtained from RAJNANDGAON Municipal Corporation from 11A.M. To 4.30 p.m. upto 28/3/2024 by a payment of Rs. 1000/- only through demand draft in favour of 'commissioner RAJNANDGAON Municipal Corporation payable at RAJNANDGAON, Tender document can also be downloaded from RMC website: www.mcrjn.com the downloaded tender document can be used by paying Rs. 1000/- in the form of demand draft pay order drawn in favor of Commissioner Rajnandgaon Municipal Corporation' payable at RAJNANDGAON.

Duly completed tender forms are to be deposited in Revenue Department, Rajnandgaon Municipal Corporation latest by (3.00 pm on 3/4/2024 The tenders shall be opened at 4.00 p.m. on 4/4/2024 in the presence of bidders or their representatives, if any.

(COMMISSIONER)
RAJNANDGAON MUNICIPAL CORPORATION

## शिव बारात में ऊं नमः शिवाय से भक्तिमय हुई संस्कारधानी, जगह-जगह हुआ शोभायात्रा का स्वागत ...








राजनांदगांव ( दावा )। महाशिवरात्रि पर्व के पूर्व आज संस्कारधानी पूरी तरह शिव भक्ति में रमी नजर आई। वही महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में शहर में निकाली गई शिव बाबा की बारात गुरुद्वारा चौक से निकाली गई। विशेष कर महाकाल की इस पगड़ी एवं पालकी यात्रा में आकर्षक परिधान में सजे शिव भक्तों द्वारा किये गये डमरू निनाद ने सबका मनमोह लिया व लोग शिव भक्ति में डूबकर आनंद लीन हुए। शहर के युवा भारतीय परिधान धोती-कुर्ता पहनकर भगवान महाकाल की जयकारा के साथ पालकी को कंधा देते हुए दूर तक चले।

## भाट समाज ने किया विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात



राजनांदगांव (दावा)। जिला भाट समाज के पदाधिकारी ने छत्तीसगढ़ शासन विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात किया। सामाजिक पदाधिकारी ने भाट समाज के लिए जमीन उपलब्ध कराने पत्र सौपते हुए बताया कि भाट समाज की राजनांदगांव जिले में सामाजिक जगह व सामाजिक भवन आवश्यकता है ताकि सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए अति आवश्यक है।इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव छवि राम, जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार भाट, सोमन भट्ट, हुबलाल भट्ट, ललित भट्ट, तखत राम भट्ट, बलराम भट्ट, देव चरण भट्ट राजनांदगांव शहर सामाजिक राव भट्ट समाज भवन निर्माण चर्चा करते हुए।

## कल खडेलवाल समाज प्रीमियर लीग सीजन 1 का आगाज

राजनांदगांव(दावा)। खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के सचिव चिराग खंडेलवाल कोषाध्यक्ष पराग खंडेलवाल ने बताया कि खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के अध्यक्ष अर्पण खंडेलवाल के नेतृत्व में राजनांदगांव खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन द्वारा राजनांदगांव में प्रथम बार आगामी 9 एवं 10 मार्च को दो दिवसीय खंडेलवाल समाज प्रीमियर लीग मयंक खंडेलवाल की स्मृति में आयोजन स्थल तुलसी व्यापार विहार टर्फ में किया जा रहा हैं। जिसमें कुल आठ टीम बनाई गई है हर एक टीम में 6 खिलाड़ी आपस में भिड़ेंगे विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी से सम्मान दिया जाएगा। खंडेलवाल समाज प्रीमियर लीग टाइटल स्पॉन्सर स्मृति श्री मयंक खंडेलवाल आप सभी समाज बंधु उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करें। 9 मार्च का मैच इन टीमों के बीच होगा एसजीके टाइटंस, खंडेलवाल वॉरियर्स, श्रीराम वॉरियर्स, शॉकिंग सिक्स, श्री श्याम योद्धा, गौरव एनएक्स, सरजू देवी सुपर किंग, खंडेलवाल रॉयल्स कूल आठ टीम है। आयोजन के मुख्य अतिथि खंडेलवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष श्री राजेश खंडेलवाल विशिष्ट अतिथि खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के पूर्व अध्यक्ष श्री शरद खंडेलवाल होंगे।खंडेलवाल समाज प्रीमियर लीग के टाइटल स्पॉन्सर स्मृति मयंक खंडेलवाल, कोस्पॉन्सर जगन्नाथ पोहा उद्योग, ट्रॉफी स्पॉन्सर रमेश गौरव खंडेलवाल एवं अन्य स्पॉन्सर पराग ऑटो पार्ट्स, मुरली खंडेलवाल, ए खंडेलवाल कार डेकोर, रमेश खंडेलवाल, सौरव खंडेलवाल, आरके ट्रेडर्स, गायत्री इंटरप्राइजेज होंगे। उपरोक्त जानकारी खंडेलवाल युवा कल्याण संगठन के खेल प्रभारी तन्मय खंडेलवाल, आयुष खंडेलवाल, गौरव खंडेलवाल, सृजन खंडेलवाल प्रचार प्रसार प्रभारी निकुंज खंडेलवाल, राम खंडेलवाल ने दी।

## मुख्यमंत्री एवं डॉ. रमन सिंह कबीर महोत्सव अभा आचार्य सम्मेलन नादिया में शिरकत करेंगे



राजनांदगाँव(दावा)। प्राचीन श्री कबीर साहेब मठ धर्म नगर नादिया का उच्च स्तरीय प्रतिनिधि मण्डल पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी के नेतृत्व में विधानसभा भवन में कबीर मठ नादिया धाम के आचार्य स्वामी मंगल साहेब जी ने छ.ग. शासन के मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से सौजन्य भेंट की।

स्वामी मंगल साहेब जी ने मुख्यमंत्री जी को शुभकामनाऐं देते हुए प्रदेश में सुख-शन्ति एवं समृद्धि हेतु प्रार्थना की और नादिया कबीर मठ का गौरवशाली इतिहास की जानकारी देते हुए, मठ की स्थापना के 200 वर्षो पूर्ण होने पर द्वितीय शताब्दी समारोह एवं अखिल भारतीय कबीर आचार्य सम्मेलन फागुन कबीर महोत्सव आगामी दिनांक 21, 22 एवं 23 मार्च के लिए आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री से साय जी ने युग दृष्टा संत कबीर साहेब के अमृत संदेश को आज भी पूर्ण प्रासंगिग बताते हुए, विश्व शन्ति एवं समरसता के लिए आज की आवश्यकता बताते हुए ग्राम नादिया के मालगुजार, दानवीर मालगुजार मंगतु ठाकुर द्वारा दान से स्थापित कबीर मठ एवं संतों के कार्यो की प्रशंसा करते हुए, विधानसभा अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के साथ आने की सहमति प्रदान की। कबीर मठ नादिया के प्रतिनिधि मण्डल में ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक महेश साहू, ट्रस्ट के महामंत्री संत गिरवर साहेब, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बिसेश्वर दास साहू सहित कबीर मठ के पदाधिकारी सम्मलित थे।

## पटेवा में महाशिवरात्रि पर होंगे विविध कार्यक्रम

पटेवा (दावा)। ग्राम पटेवा में 8 मार्च को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है, जिसकी तैयारी बड़े जोर शोर से किया जा रहा है। देवालयों की रंगरोगन के साथ आकर्षक विद्युत लाइटों से सजाया जा रहा है। इस पावन पर्व पर धनकर मुहल्ले में 7 मार्च को भगवान भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी तथा संध्या कालीन बेला में कृष्ण मानस मंडली बावनलाख का रामायण कार्यक्रम रखा गया है, दुसरे दिवस शीतला मंदिर चौक में शिव मंदिर का जीर्णोद्धार किए गए मंदिर में पूजा अर्चना किया जाएगा। साथ ही गांव के अनेक शिव मंदिरों में पूजा अर्चना का कार्यक्रम रखा गया है, पटेवा के रेंगाकठेरा मार्ग में स्थित शिव मंदिर में छत का निर्माण किया गया जिसका पूजा अर्चना के साथ उदघाटन किया जाएगा तथा भस्म अघोड़ी बाबा का जुलूस कार्यक्रम रखा गया है, जिसका पूरे गांव में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसका भक्तों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना किया जाएगा। इस प्रकार पूरा गांव शिव की भक्ति में डूबा रहेगा। ग्राम छोटे बिरेझर में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रातः 11 बजे से शिव मंदिर में पूजा अर्चना का कार्यक्रम, तथा 12 बजे से राजहंस मानस परिवार ग्राम सोनसाय टोला अम्बागढ़ चौकी का मानस गान कार्यक्रम रखा गया है।

उक्त जानकारी देते हुए शोभा राम बधेल ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील क्षेत्र के नागरिकों से की है।

## ब्रह्माकुमारीज द्वारा आज महाशिवरात्रि पर भव्य शोभायात्रा

राजनांदगांव (दावा)। ब्रह्माकुमारीज वरदान भवन लालबाग द्वारा महाशिवरात्रि (88वीं त्रिमूर्ति शिव जयन्ती) के पावन अवसर पर 8 मार्च शुक्रवार को सुबह 10 बजे से 1 बजे तक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो वरदान भवन से प्रारम्भ होकर अवाना होटल मार्ग, गुरुद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, दुर्गा चौक, पुलिस थाना चौक, सदर बाजार, भारत माताचौक, तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, सुरजन गली, कामठी लाइन, भारत माता चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन, जी.ई.रोड होते हुये पुनः वरदान भवन में सम्पन्न होगी। इसमें भारत माता, 88 कलश लिये श्वेत वस्त्रधारी ब्रह्माकुमारी बहनें, श्री महादेव शंकर जी, श्री लक्ष्मी-श्री नारायण की चैतन्य झाँकी एवं सर्व आत्माओं के परमपिता परमात्मा शिव की मनोरम झाँकी आकर्षण का केन्द्र होंगे।

महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं पूर्व महापौर नरेश डाकलिया एवं पार्षद बहन जया यादव शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर नगर भ्रमण के लिए रवाना करेंगे।उपरोक्त जानकारी स्थानीय सेवाकेन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहनजी ने देते हुए समस्त नगर वासियों से दर्शन लाभ लेने की अपील की है।

## अब लैपटॉप से पढ़ेंगे आठवीं के छात्र

- प्रबंधन द्वारा दस सीट्स आरक्षित
- प्रवेश की अंतिम तिथि 09 मार्च को

राजनांदगांव (दावा)। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना 'डिजिटल एवं हाइब्रिड लर्निंग' के परिपालन में सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा देशभर के लगभग 850 स्कूलों का चयन किया गया है। राजनांदगांव जिले में शहर की प्राचीन संस्था वेसलियन इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी का चयन इस परियोजना के तहत किया गया है। माइक्रोसॉफ्ट कार्पोरेशन द्वारा तकनीकी प्रशिक्षण वेसलियन शाला के शिक्षकों को दिया गया है।

शाला की कक्षा आठवीं को पायलट कक्षा में रूपांतरित कर अध्यापन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर करवाने की तैयारी पूर्ण कर ली गई है सीबीएसई द्वारा अधिकृत टेक एवांट ग्रेड कंपनी समस्त चयनित स्कूलों में डिजिटल और हाइब्रिड लर्निंग के लिए इंटररेक्टिव डिजिटल बोर्ड और प्रत्येक छात्रों के लिए लैपटॉप और तकनीकी सहायता प्रदान करवाएगी प् इस योजना के तहत जिले के 1000 विद्यार्थियों को भी डिजिटल माध्यम से विभिन्न स्कील कोर्सेज के अध्यापन से लाभान्वित होंगे। इस परियोजना का शुभारंभ देश भर के चयनित स्कूलों में एक साथ किया जाएगा।

वेसलियन स्कूल के प्राचार्य अजीत स्कॉट ने बताया कि शाला ने माइक्रोसॉफ़्ट और टेक एवांट ग्रेड के दिशा निर्देशानुसार डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित कर दिया है प्रत्येक छात्रों और शिक्षकों को प्रौद्योगिकी से लेस लैपटॉप प्रदान किए जाएंगे यह जानकर बच्चों और पालको में भारी उत्साह है।

प्राचार्य ने यह भी बताया कि वेसलियन प्रबंधन ने निर्णय किया है और कक्षा आठवीं की कुल 10 सीट अन्य शालाओं के बच्चों के लिए आरक्षित की गई है कल 9 मार्च 2024 तक इच्छुक छात्र शाला में कक्षा आठवीं में प्रवेश ले सकेंगे।

## अग्निवीर थल सेना पंजीयन के लिए जिले में समीक्षा बैठक का आयोजन




**पंजीयन में जिले की स्थिति छठवें स्थान पर**

राजनांदगांव (दावा)। आज जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरुचि सिंह की अध्यक्षता में जिले में अग्निवीर थल सेना पंजीयन की प्रगति हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस समीक्षा बैठक में राजनांदगांव जिले के सभी शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, ई डिस्टिक मैनेजर जिला रोजगार अधिकारी, जिला परियोजना अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मिशन समन्वयक एवं सहायक परियोजना की उपस्थिति में आज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यतः सीईओ के द्वारा अब तक किए गए पंजीयन की प्रगति के संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा इस संबंध में आ रही दिक्कतों की जानकारी सभी महाविद्यालयों के प्राचार्यो से ली गई।उनसे पंजीयन में आ रही दिक्कतों के बारे में चर्चा की गई जिसमें सर्वर में आ रही कठिनाइयों के बारे में जानकारी दी गई कि सर्वर के स्लो डाउन होने के कारण बच्चों की एंट्री उसे गति से नहीं हो पा रही है। इसी क्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों ने आधार कार्ड में नाम अंक सूची के नाम से मिलान नहीं होने के कारण पंजीयन के लक्ष्य प्राप्ति नहीं किया जा सकने का कारण बताया। जिसको जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने उनको इसका तत्काल निवारण लोक सेवा केंद्र में कराये जाने, ई डिस्टिक को आदेशित किया। कि तत्काल बच्चों का आधार कार्ड का मिलान अंक सूची से करने इसका अपडेशन शुरू करें। इसी क्रम में इस जिले में अग्निवीर थल सेना में इस वर्ष जिनका चयन किया गया है ऐसे 200 से अधिक आवेदकों की जानकारी बैठक में देकर उनका उत्साह वर्धन किया। बैठक के अंत में सबसे अपील की गई कि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को जो साढ़े 17 साल से 21 वर्ष के बीच है उनको अग्नि वीर थल सेना में आवेदन करने और देश सेवा में जाने का उनको अवसर प्रदान करने सहयोग देने कहा गया। बैठक को जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहारे जिला सहायक परियोजना समन्वयक मनोज मरकाम जिला रोजगार अधिकारी व्ही.के. राजोरिया एवं जिला रोजगार कार्यालय से शुभी जग्गी के द्वारा भी संबोधित किया गया।

## आज रेंगाकठेरा में महाशिवरात्रि पर मड़ई

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम बखत रेंगाकठेरा में गुरु-चेला समिति व समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में 12 ज्योर्तिंग का रुद्राभिषेक और महाशिवरात्रि मेला 8 मार्च को आयोजित है। सुबह भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद बिल्हरी वालों का रामायण कार्यक्रम होगा। इसके बाद मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। यह जानकारी ग्रामीण केशव साहू ने दी है।

## कल नेशनल लोक अदालत : 44 खण्डपीठ द्वारा भौतिक एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होगा प्रकरणों का निराकरण

राजनांदगांव (दावा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश आलोक कुमार ने बताया राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 9 मार्च 2024 को राजनांदगांव में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। आयोजित लोक अदालत में कोई भी इच्छुक स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। संबंधित पक्षों की सहमति से प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में सुनाये गये फैसलों की सामान्य अदालत में सुनाये गये फैसलों जितनी ही अहमियत होती है और लोक अदालत में सुनाये गये फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती। जिला न्यायाधीश ने जिले के आम लोगों से लोक अदालत का लाभ लेने की अपील की है। न्यायालयों में बड़ी संख्या में लंबित प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से तथा प्रभावित पक्षकरों को त्वरित एवं सुलभ न्याय प्रदान करने की दिशा में नेशनल लोक अदालत एक प्रभावशाली कदम है। जिस हेतु जिला न्यायालय राजनांदगांव के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा नेशनल लोक अदालत हेतु जिला न्यायालय राजनांदगांव, व्यवहार न्यायालय- खैरागढ़, डोंगरगढ़, अंबागढ़ चौकी, छुईखदान एवं राजस्व न्यायालय में कुल 44 खण्डपीठों का गठन किया गया है। इन खण्डपीठों द्वारा ही विभिन्न प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन का निराकरण किया जायेगा।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री देवाशीष ठाकुर ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में राजीनामा योग्य अपराधिक प्रकरणों, धारा-138, परकाम्य लिखत अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, सिविल प्रकरण, निष्पादन प्रकरण, विद्युत संबंधी मामलों व पारिवारिक विवाद के मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त बैंक, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग, नगरपालिका परिषद् में वसूली संबंधी लंबित प्रकरण प्री-लिटिगेशन प्रकरण, जिला विधिक सहायता प्राधिकरण में प्रस्तुत किये जायेंगे, जो विधिवत पंजीयन उपरांत संबंधित पक्षकारों को नोटिस जारी कर लोक अदालत खण्डपीठ में निराकृत किये जायेंगे। यदि कोई भी व्यक्ति लोक अदालत के माध्यम से अपना प्रकरण निराकृत करना चाहता है, तो वह 9 मार्च को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना प्रकरण निराकृत करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार हाईब्रिड लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, इसमें पक्षकार व अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होकर एवं अपने घरों से भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से आपसी सहमति से प्रकरणों का निराकरण करेंगे। लोक अदालत के सफल संचालन हेतु राजनांदगांव जिला न्यायालय राजनांदगांव की वेबसाइट पर लिंक की सहायता से पक्षकारों को घर बैठे सीधे लोक अदालत की खण्डपीठ से जुडने में सहायता मिलेगी। यदि कोई पक्षकार आयोजित लोक अदालत के माध्यम से अपना राजीनामा योग्य प्रकरण निराकृत करवाना चाहते है, तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव अथवा अपने अधिवक्ता से संपर्क कर सकते है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव द्वारा पक्षकारों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने मामलों का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराकर सुलभ, शीघ्र एवं सस्ता न्याय प्राप्त करने तथा नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने की अपील की गई है।

### पीएम नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत स्व-सहायता समूह की महिलाओं के साथ वर्चुवल संवाद किया

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत पश्चिम बंगाल राज्य से स्वसहायता समूह की महिलाओं के साथ वर्चुवल संवाद किया। जिले के जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत ग्रामीण कार्यक्रम ग्राम पंचायत सुरगी में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कोमल सिंह राजपूत, लीलाधर साहू, रोहित चंद्राकर, देव कुमारी साहू, जनपद सदस्य पुष्पा गायकवाड़, सरपंच सुरगी आंनद साहू अन्य जनप्रतिनिधि, अनुविभागीय अधिकारी अतुल विश्वकर्मा, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत देवेंद्र कौशिक, सीईओ जनपद पंचायत तनुजा मांझी, सहायक परियोजना अधिकारी विजय साहू, विकासखंड परियोजना प्रबंधक सुशील श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, बड़ी संख्या में स्वसहायता समूह की महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## सीईओ जिला पंचायत ने महाविद्यालय प्राचार्य एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक ली




**मतदाता जागरूकता के लिए तय की गई रूपरेखा**

राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अध्यक्ष स्वीप प्लान सुश्री सुरूचि सिंह ने आज जिला पंचायत सभाकक्ष में महाविद्यालय प्राचार्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं जिला स्तरीय स्वीप समन्वय के विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन की रूपरेखा तय की गई। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने सभी महाविद्यालय एवं विद्यालय में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब का गठन करने एवं प्रति सप्ताह क्लब की बैठक आयोजित कर, मतदाता व निर्वाचन से संबंधित विषयों पर चर्चा एवं वाद-विवाद, रंगोली, चित्रकला, पोस्टर मेकिंग जैसे अन्य प्रतियोगिता का आयोजन करने कहा। जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण एवं सहायक नोडल अधिकारी स्वीप श्रीमती रश्मि सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान स्वीप गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होनें बताया कि सभी विद्यालय एवं महाविद्यालय के साथ-साथ महिला बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, उद्योग विभाग, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, तकनीकी शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग के समन्वय से मतदाता जागरूकता संबंधी आयोजन संपन्न किए जाएंगे। महिला मतदाता, युवा मतदाता एवं दिव्यांग मतदाताओं पर केंद्रित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मतदान हेतु मतदाता शपथ दिलाई गई। बैठक में उप संचालक कृषि विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायत विभाग के अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं जिले के सभी महाविद्यालय के प्राचार्य, आईटीआई के प्राचार्य उपस्थित थे।

# अनमोल दावा

> सोच का ही फर्क होता है, वरना समस्याएं आपकोब कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाने आती है।

## सम्पादकीय

### न्याय पालिका पर भरोसा कायम : 'सुप्रीम' का सर्वोपरि निर्णय राष्ट्र हित में

देश के उच्चतम न्यायालय के हाल ही दिये गए निर्णयों से जनता का भरोसा बढ़ा है और भारत की प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है। ''सुप्रीम'' के निर्णय भविष्य में माइलस्टोन साबित होंगे। उसके देशहित में हुए निर्णय से देश गौरवान्वित हुआ है। इसके पूर्व जनता में यह बात घर कर गई थी कि न्यायपलिका फैसले सुनाती है, सही निर्णय नहीं देती। याने कि, न्यायदान में सुप्रीम कोर्ट भी कमजोर दिखाई दे रही थी। ट्रायल कोर्टों में भाग्य से ही लोगों को न्याय मिलता है। सेशन कोर्ट में भी लगभग पचास फीसदी ही पीड़ितों को न्याय मिलता है। सुप्रीम कोर्ट में अपील करना भी बहुत मंहगा है। हर कोई वहां तक पहुंचने में सक्षम नहीं होता।

फिलहाल यह कि, ''वोट फार केश'' के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने देश व जनहित में बहुत अच्छा निर्णय दिया है। उसने स्पष्ट किया है कि अब जो रिश्वत लेकर मतदान करता है अथवा सदन गृह में प्रश्न पूछता है तो सांसदों या विधायकों को विशेषधिकार अधीन प्रकरण से मुक्ति नहीं मिल सकेगी। उच्चतम न्यायलय के सात जजों की संवैधानिक बेंच ने गत दिनों 25 साल पुराने निर्णय को पलट दिया था। चीफ जस्टिस डी.वाय.चन्द्रचुड़, जस्टिस ए.एस.बोपन्ना, एम.एम.सुंदोश, पी.एस.नरसिम्हा, जेबी पारडीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की संवैधानिक बेंच ने कहा है कि हम 1998 में दिए जस्टिस नरसिम्हा के निर्णय से सहमत नहीं है। जहां सांसदों और विधायकों के गृह में भाषण देने अथवा मतदान देने के लिए रिश्वत लेते हैं, उन्हे कार्यवाही से मुक्ति नहीं मिलेगी।

इसी प्रकार, कुछ दिनों पहले उच्चतम न्यायालय ने एक बड़ा निर्णय देते हुवे राजनैतिक पार्टियों के द्वारा फण्ड इकट्ठा करने के लिए पुराने चुनावी बांड योजना को गैरकानूनी होने की घोषणा की थी। उसके द्वारा दान लेने पर तत्काल प्रतिबंध लगाया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनावी बांड की गुप्तता रखना भी असंवैधानिक है। यह योजना सूचना के अधिकार का उल्लंघन करता है। चीफ जस्टिस के नेतृत्व में पांचों जजों की बेन्च ने सर्वसम्मति से निर्णय दिया था। अपने निर्णय में चीफ जस्टिस ने कहा है कि राजनैतिक दलों के द्वारा राजकीय प्रकिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जाती है। यह एक ईकाई है। राजनैतिक फण्ड विषय की सूचना यह एक प्रक्रिया है। जिसके द्वारा मतदाता को उसका मत देनें के लिए उचित चयन करना है। मतदाताओं को चुनावी फंड बाबत जानने का पूरा अधिकार है। जिसके कारण, मतदान करने के लिए योग्य प्रत्याशी-पार्टी का चयन करने में सहुलियत होगी।


ऐसे निर्णयों से भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होगी, इसमें कोई संदेह नहीं है। इसी के साथ, गलत काम करने वालों के मन में उनकी करतुतें सामने आने पर उन्हें भय लगेगा। ऐसे अनुचित व असंवैधानिक काम करने वालों पर कार्यवाही करना संभव होगा। हाल के दिनों में न्यायपालिका मजबूत हुई है और लोकतंत्र में पहले स्तंभ होनें के साथ उसने वाकई में न्याय किया है।

## शब्द सामर्थ्य -356

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**
1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 355 का हल



# कौन विश्व गुरू, कौन सी सभ्यता प्रकाश स्तंभ?

**हरिशंकर व्यास**

सवाल अच्छा है? दुनिया की कौन सी नस्ल व सभ्यता विश्व गुरू है? जवाब से पहले जानना होगा कि गुरू और सभ्यता के क्या मायने हैं? गुरू होना क्या होता है? सभ्यता से क्या अभिप्राय है?

मेरी राय में यह परिभाषा सटीक है कि जो अज्ञान के अंधकार को दूर करता है वह गुरू। उपनिषदों में संस्कृत मूल के शब्द गुरू के 'गु' (अज्ञान) 'रू' (दूर करने वाला) की व्याख्या कमोबेश एक सी है। अज्ञान को अंधकार बताया गया है। (गु शब्दस्त्वन्धकारः स्यात् रु शब्दस्तननिरोधकः।

अन्धकारनिरोधित्वात् गुरु ऱ्हयभिधीयते- अद्वैतारक उपनिषद) वही सभ्यता के मायने है, वह मानव समाज जिसकी वह विशिष्ट विकसित सामाजिक-सांस्कृतिक रचना है जिसमें लोग अच्छे से मजे में रहते है। लोग जिंदादिली, बुद्धि-सत्य-तर्कसंगतता, समानता, न्याय, लोकतंत्र व अनुसंधान-प्रयोगों की जोखिम की विरासत और गुणों से भरी-पूरीजिंदगी जीते है।

इन अर्थों में पृथ्वी के आठ अरब लोगों, 195 देशों का वह विश्व गुरू कौन है, जिसमें अज्ञान, अंधकार मिटाने की गुरूता, प्रकाश है? या वह सभ्यता कौन सी जो मानों विश्व का प्रकाश स्तंभ? क्या पश्चिम की सभ्यता, ईसाई समाज? या अरब-इस्लामी सभ्यता-संस्कृति गुरू, और अनुकरणीय? या चीन और चाइनीज सभ्यता विश्व को अज्ञान, अंधकार से उजियारे की और ले जाने की टार्चलाइट? और हम हिंदू?

सदियों से विश्व गुरू के सपनों में जी रहे हैं और अब तो बाकायदा विश्व गुरूहोने का डंका भी पीटते हुए।और महात्मा गांधी जगत संत वही नरेंद्र मोदी जगत पिता! ऐसा ही रूस, उसके पुतिन, स्लाविक सभ्यता का घमंड है कि उसका महाशक्ति रूप बाकी सभ्यताओं के लिए प्रकाश पुंज। कइयों का खासकर दुनिया के वामपंथियों का ख्याल है अमेरिका पतन के कगार पर है तो रूस या चीनी सभ्यता से ही दुनिया का अज्ञान-अंधकार मिटेगा।

उस नाते दुनिया की व्यवस्था में गुरू पर विचार और फैसला वैसा ही है जैसे इन दिनों हम भारत के लोगों के लिए कलियुगी गुरूओं में चुनने का झंझट है। गुरूओं में प्रतिस्पर्धा है। सक्सेस रेट कसौटी है। मार्केटिंग से फैसला है। और जिसकी लाठी उसकी भैंस या ऊंची मगर झूठ की दुकान के झांसे में गुरू, महागुरू, विश्व गुरू चुने जाते हुए हैं। बहरहाल विश्व के मायनों में राजनीतिक, वैचारिक, धार्मिक और आर्थिक-सैनिक ताकत के अहंकारों में जी रही मानवता के तकाजे में सभ्यता और गुरू तय करना असंभव काम है। सभी सभ्यताएं गुरूर पाले हुए हैं। मगर मोटा-मोटी दुनिया में धारणा है कि पश्चिमी सभ्यता का निर्माण अतुलनीय है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस याकि यूनानी सभ्यता से शुरू पश्चिमी समाजों का विकास, सभ्यता व संस्कृति का निर्माण शेष दुनिया के लिए अनुकरणीय है।

और इस बात में कुछ सत्य है। लेकिन हाल में ऑक्सफोर्ड में पढ़ाने वाली इतिहासकार जोसेफिन क्राउली क्विन की एक नई थीसिस मालूम हुई। हाल में रिलीज हुई उनकी पुस्तक 'हाऊ द वर्ल्ड मेड द वेस्ट' (ॠ2 ह्ळ्द्धद्ग ड्ढ्ठ्ठश्रह्यस्र रूड्डस्रद्ग ह्ळ्द्धद्ग ड्ढद्गह्यह्ल) का यह दिलचस्प सार है कि यूरोपीय उपलब्धियों के हवाले पश्चिमी सभ्यता का गर्व सही नहीं है! इसलिए क्योंकि दुनिया ने पश्चिम को बनाया है न कि पश्चिमी सभ्यता का अपने से विकास है!

जोसेफिन क्विन का कहना है कि सभ्यताओं को अलग-अलग खांचों में याकि उन्हे अलग-अलग कंपार्टमेंट में बांटने की इतिहास दृष्टि गुमराह करने वाली है। मतलब पहचान विशेष से चिन्हित स्वकेंद्रित सभ्यताओं को अलग-अलग समूह में बांट कम्पार्टमेंटलाइज एप्रोच का इतिहास और सोच सही नहीं है। इसलिए क्योंकि-लोग इतिहास नहीं बनाते हैं।वह उन लोगों, जिनके द्वारा दूसरों (बाहरी-अन्य संस्कृतियों के लोगों) से संबंध याकि कनेक्शन बनतदे है, उससे इतिहास बनता है।

और मेरा माननता है यह सत्य सभी सभ्यताओं, पूरी दुनिया के संदर्भ में सही है।

लेखिका के अनुसार यह सत्य ब्रिटेन, पूरे यूरोपीय इतिहास पर लागू है। फालतू बात है कि संस्कृतियों में दूरी हुआ करती थी तो परस्पर संपर्क नहीं था। सच्चाई है संस्कृतियों के बीच, लंबी दूरियों के बावजूद संपर्क, आश्चर्यजनक रूप से थे और वे संपर्क, वे एक्सचेंज ही हर युग में मानव उन्नति के इंजन थे। संस्कृतियां अंतर्मुखी नहीं थीं। सभी समाज बाहरी विचारों, तकनीक, फैशन को अपनाते हुए थे।

जैसे पश्चिमी सभ्यता का आदि सोर्स यूनान से शुरू है। लेकिन लेखिका के अनुसार यूनान का अपना मौलिक बहुत कम था। वह सेमुरी, मिस्त्र, असीरियन और फोनीशियन संस्कृतियों के आगे कुछ भी नहीं था। ये सब तब एक-दूसरे के आइडिया को एक्सचेंज करते हुए थे। लोकतंत्र का मौलिक जन्म यूनान, एथेंस में नहीं था। वह वहां बाद में आया। लोकतंत्र के शुरुआती आइडिया और प्रयोग मौजूदा लीबिया में, समोस और चियोस के द्वीपों पर आजमाया गया लगता है। यूनानियों की तुलना में फारसी बहुत आगे थे और उन्होंने ही पहले ग्रीक शहरों पर कब्जा करके वहां लोकतंत्र की व्यवस्था बनाई।

यह व्याख्या गहरी है। मेरा मानना है मानव इतिहास का सार है कि अंधकार से प्रकाश, ज्ञान, विकास, निर्माण आदि सब कुछ मनुष्य दिमाग की वैयक्तिक खोज है। इनमें किसी समाज, देश, नस्ल और सभ्यता या संस्कृति का कोई अर्थ नहीं है। वैज्ञानिक विकासवाद की वैश्विक धारणा, कसौटी में सोचें तो अफ्रीका की गुफाओं से निकले होमो सेपियन ने बिना सभ्यता, संस्कृति के ही पूरी पृथ्वी को खंगाला। शिकारी-पशुपालक मनुष्य हर जगह पहुंच गए। अग्नि खोजी, पहिया खोजा और ऊर्जा व गति का शाश्वत सत्य बूझा।

मानव जाति के ये पूर्वज ऐसा कैसे करते हुए थे? मेरा मानना है वैयक्तिक स्वतंत्रता की निज उड़ान से। मैं पहले लिख चुका हूं ईसा पूर्व सभ्यता-संस्कृति निमार्ण में मानव विकास का जंप मिस्त्र-इराक से ले कर सिंधु नदी घाटी के फर्टाइल क्रिसेंट में व्यक्तियों की निज बौद्धिक छलांगों से था। वह बुनियादी तौर पर लोगों की घुमक्कड़ी, स्वतंत्र मिजाजी स्वभाव से छलांग थी। मेसोपोटामिया से ईरान के रास्ते सिंधु नदी घाटी के लोगों में संबंध, एक्सचेंज थे। लोगों का आना-जाना था। एक-दूसरे के आइडिया में नदी घाटियों का क्षेत्र समाज और सभ्यता का खाका बनाता हुआ था। किसी राजा, बादशाह, राष्ट देश याकि सामूहिक, सामुदायिक ईकाई याकि भीड़ और भेड़चाल से वेद, उपनिषद् या सुमेरियन सभ्यता के महाकाव्य नहीं रचे गए। तब भी सब कुछ मनुष्य के उन क्लासिकल गुणों से जन्मा था जिनका आधुनिक जीवन में सर्वोच्च मान है। मतलब जिंदादिली, बुद्धि-सत्य-तर्कसंगतता, समानता, न्याय, लोकतंत्र व अनुसंधान-प्रयोगों की जोखिम-उद्यम का वैयक्तिक पुरुषार्थ।

सो, आदि काल में व्यक्ति की स्वतंत्रतचेता में दिमाग ज्ञानरूपी वेद रचने वाला था। वही आज भी स्वतंत्रचेता व्यक्ति अपने ठिकानों पर स्वतंत्रता से खुले पंखों से उड़ते हुए नए सत्य, नई मौलिक रचना करते हुए है।

लब्बोलुआब में दुनिया की आठ अरब लोगों की भीड़ का गुरू, सभ्यतारूपी ज्ञान का प्रकाश स्तंभ यदि कोई है तो वो सिर्फ मानवजन हैं। वे मनुष्य, होमो सेपियन की वह प्रजाति है जो स्वतंत्रता में जीती है, जिनकी चेतना, बुद्धि हर तरह की चिंता, भय से मुक्त है। इनसे ही अंधकार मिटता हुआ है। ये ही गुरू हैं, ज्ञानी हैं, वैज्ञानिक हैं और उन्हीं से संबंधों, याकि इनकी खोज के एक्सचेंज में शेष दुनिया और कथित सभ्यताओं के निर्माण और घमंड हैं।

# मन में बसे हैं राम 88: स्वयंवर में भगवान शिव के धनुष को उठाना नए जागरण का भी संकेत

**डॉ.योगेंद्र कुमार पांडेय**



राजा जनक निराश हैं और यह उनके मुख मंडल से परिलक्षित हो रहा है। महारानी सुनयना के चेहरे पर भी उदासी है। सीता जी और उर्मिला जी के मुख पर अपने पिता की निराशा को देखकर दुःख है। विभिन्न राजाओं की अहंकार मुद्राएं अब ढीली पड़ चुकी हैं।कुछ राजाओं में हठधर्मिता है तो कुछ में ग्लानि का भाव भी है कि वे महाराज जनक की एक शर्त को पूरा नहीं कर पाए। धनुष यज्ञ का प्रारंभ जिस मंगल और उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ था, वह अब तिरोहित सा हो गया है और पूरे मंडप में अभी भी अगर कहीं उत्साह और आशा की किरण दिखाई दे रही है, तो उस स्थान में जहां श्री राम और लक्ष्मण अपने गुरु महर्षि विश्वामित्र के साथ बैठे हुए हैं।

कोई घोषणा करने से पहले महाराज जनक ने अपने राजपुरोहित श्री शतानंद जी से सलाह ली।

''अब और कुछ शेष नहीं रह गया है पुरोहित जी! इस स्वयंवर सभा के विसर्जन का अवसर आ गया है। मुझे इसकी घोषणा कर देनी चाहिए।'' राजा जनक ने कहा।

''यह सत्य है महाराज लेकिन पहले आप उन परिस्थितियों पर चर्चा कीजिए जिसके कारण यह सभा विसर्जित करने की स्थिति आ गई है। हो सकता है आपके संबोधन की अवधि में ही कोई चमत्कार हो जाए और जिन भगवान श्री शिव का यह धनुष है,वे आप पर कृपालु हो जाएं और आपके वचनों की रक्षा का कोई मार्ग प्रशस्त कर दें।'' शतानंद जी ने कहा।

''हे महर्षि! वैसे तो मुझे इसकी संभावना कम ही दिखाई दे रही है, क्योंकि महादेव कृपा उन पर करेंगे, जो इसके पात्र हों और ये राजागण शिवजी की कृपा के अधिकारी बिल्कुल नहीं हैं, तथापि मैं अपनी बात रखना प्रारंभ करता हूं।''

महाराज जनक ने कहना प्रारंभ किया, ''हे राजागण! यह सही है कि यह शिव धनुष विशिष्ट है और इसकी प्रत्यंचा चढ़ाने की यह शर्त भी कठिन है, लेकिन जब स्वयं मेरी पुत्री सीता इस धनुष को सहज ही उठा लेती है तो क्या मेरे द्वारा इसके विवाह के लिए ऐसी शर्त रखता अनुचित कहा जाएगा?''

''नहीं, बिल्कुल भी अनुचित नहीं।'' राजाओं की ओर से कोई ध्वनि नहीं हुई लेकिन प्रजाजन ने जोर से समवेत स्वर में अपने राजा के प्रश्न का उत्तर दिया।

''ऐसे में आज अगर यह शिव धनुष अपने स्थान पर ही रखा हुआ है और कोई भी इसे उठा नहीं पा रहा है, तो इससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस धरती में अब शक्तिशाली योद्धा और बलशाली पुरुष शेष ही नहीं रहे हैं। यह स्वयंवर असफल होने जा रहा है और मुझे इस बात का भारी दुख है कि मेरी पुत्री सीता का विवाह नहीं हो पा रहा है। एक पिता के रूप में यह मेरे समक्ष अत्यंत त्रासद स्थिति है।'' राजा जनक ने आगे कहा।

''यह दुःखद है।'' प्रजा में प्रतिध्वनि हुई।

राजा जनक ने अपनी बात जारी रखी, ''इस धनुष को उठाने से न सिर्फ मेरी पुत्री के विवाह की शर्त पूरी होती बल्कि सैकड़ो वर्षों से यथावत रखे हुए भगवान शिव के इस धनुष के सक्रिय हो जाने से इस पूरे क्षेत्र में एक दिव्य आध्यात्मिक जागरण होता और भगवान शिव का आशीर्वाद यहां उपस्थित सभी व्यक्तियों को भी प्राप्त होता। क्या सचमुच अब इस धरती पर वीर शेष नहीं हैं या परशुराम जी ने राजाओं को युद्ध में हराने के साथ-साथ उनकी शक्ति को भी सदा - सदा के लिए उनसे छीन लिया है?''

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस मौलिक रचना में रामकथा का मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### // करो शिव जी तांडव नर्तन //

इस घोर कलयुग में महाकाल बन,
और करो शिव जी तांडव नर्तन।
पापों से लद रही है धरती,
अनाचार को नित निहारे नीलाम्बर।
सच के कंधे पर बंदूक रख,
शांति को साध रहा आडम्बर ।
नवसृजन को सृष्टि में हों परिवर्तन,
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
मलीन हो रही सुरसरिता,
मिट चली गिरिवर की शान ।
ऊब से गये झील-झरोखे,
चहुँ ओर नैसर्गिक अवसान ।
प्रलय चाहता अब जड़ और चेतन,
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
बेटा भूलता पितृभाव को,
न मातृस्नेह को समझ पाता ।
टूट रही संवेदनाएँ सारी,
धुमिल हुआ सब रिश्ता-नाता ।
भाई को खटकता बहन का यौवन
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
पथभ्रष्ट हो गया धर्म,
विस्मृत हुआ गीता का ज्ञान ।
अंधे धृतराष्ट्र के राज्य में,
युवराज है दुर्योधन समान ।
आज न कोई पांडव न मधुसूदन,
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
नौ दिनों तक पूजा होती,
जिस पर श्रद्धासुमन चढ़ाते हैं ।
यह कैसी भक्ति कलयुग की,
एक रूप का शील चुराते हैं ।
माँ-बाप का बोझ बेटी का कुवाँरापन,
और करो शिव जी तांडव नर्तन ।
अगर अब होगा सागर मंथन,
मैं सुधा छोड़ विष पीऊँगा ।
दानव सम मानव नगरी में,
मैं मानव बन नहीं जीऊँगा ।
प्रलय चाह को इत्-उत्
डोलै मेरा मन और करो
शिव जी तांडव नर्तन।



**टीकेश्वर सिन्हा गब्दीवाला**

## कविता

### नारी

सुबह के प्रकाश की सुनहरी
किरण है नारी।
चिड़ियो की चहचहाती मधुर
धुन है नारी।
मंदिर के झांझ की खनकती
झनकार है नारी।
भोर में खिलते पुष्प की
कली है नारी।
निश्चल बहती धारा की
प्रवाह है नारी।
नदियों की इठलाती वेग की
धार है नारी।
खेतों के लहलहाते फसल की
बालियाँ है नारी।
बच्चों के होंठों की कोमल
मुस्कान है नारी।
इंद्रधनुषी बहुरंगी रंगों की
छटा है नारी।
मोर के कलगी की सतरंगी रंगों की
रंग है नारी।
इत्र की खुशबू की सौंधी
महक है नारी।
चित्रकार के रंगों में लिपटी
चित्रकारी है नारी।
कथाकार के कहानी को गढती हरदम
कहानी है नारी।
भोर के बाग की मधुर
ध्वनि है नारी।
वीणा की मधुर तान की
राग है नारी।
रात्रि के चांद की मनोहारी
चांदनी है नारी।
सृष्टि की रचना को हरदम
आगे बढ़ाती है नारी।



रुचि श्रीवास्तव, शिक्षिका

## कविता

### नारी को शत- शत प्रणाम

नारी, शक्ति और सम्मान है,
नारी गौरव और अभिमान है,
नारी ने ही रचा है यह विधान,
नारी को शत-शत प्रणाम है।।
यह नारी है, यह प्यारी है,
दुनिया को इसने ही सवांरी है,
फिर क्यों दुखो की यह मारी ,
ममता कि मूरत क्यों बेचारी है?
प्यार बरसाने वाली अविराम हैं
नारी को शत-शत प्रणाम है।।
यह न्यारी है फूलों की क्यारी हैं,
कुटिया को बना दे जो महल,
इसमें वह कलाकारी है,
है घर की दीया और घर की बाती
जलकर जो प्रकाश दे वह उजियारी है।
नारी के अस्तित्व पर सबको ही गुमान है ।
नारी को शत-शत प्रणाम है।
जमीन पर रहकर, जो आसमान पर भारी है,
जो पुरुषों को जन्म दे, वह जननी है, महतारी है।
यह कोमल है कमज़ोर नही
इस शक्ति का नाम ही नारी है।
यह तीर्थ है यह धाम है।
नारी को शत-शत प्रणाम है।।



श्रीमती माया ताराचंद अग्रवाल,
राजनांदगांव

## कविता

### शिव तुम अर्धनारीश्वर

सदा शिव हे शंकर शम्भू, भुजंगभूषण बाघाम्बर।
अविनाशी घट घट वासी, धिष्ठित ओंकारेश्वर।।
आदि देव हे महादेव अति सरल लब्ध हे नागेश्वर।
अलख निरंजन हिय रंजन कि तुम अर्ध नारीश्वर।।
महामृत्युंजय महाकाल हे प्रलयंकर तुम अभयंकर।
विश्व केंद्र विश्वनाथ हे त्रय पाश विमोचन विश्वेश्वर।।
विष्णुवल्लभ शिवाप्रिय हे भक्तवत्सल शशि शेखर।
कल्याण कारी हे त्रिपुरारी, स्वरमयी साम सुरेश्वर।।
सुर असुर जीव जगत के एक नाथ तुम्ही हे सर्वेश्वर।
बोध गम्य ध्यान रम्य हे विचार विध्वंसक प्रलयंकर।।
ध्यानियों के ध्यान तुम, काल नियन्ता महाकालेश्वर।
तुम गणनाथ हे प्रजापति, भव भय हरो हे परमेश्वर।।
श्रद्धा कभी न खण्डित हो, विश्वास जगाओ रामेश्वर।
गरल अपमान का पी जाएं, त्रय हरो हे त्रयम्बकेश्वर।।
हर रात्रि हो महा शिवरात्रि, हे स्वयं नियन्ता अनीश्वर।
दैदीप्यमान हो आर्यावर्त, बस मात्र याचना दिगम्बर।।



रोशन साहू ''मोखला''(राजनांदगांव)
7999840942

## राशिफल

**मेष**
आज रूके हुए काम पूरे हो सकते हैं। अचानक कहीं से धन लाभ हो सकता है। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन आज का दिन बेहतर है। आज आपकी जिम्मेदारी बढ़ेगी। आज रचनात्मक कामों के लिहाज से समय अच्छा है। मन में कई नए विचार आ सकते हैं। किसी अनजाने के सहयोग से काम पूरा हो सकता है।

**वृषभ**
आज आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। पैसों से जुड़ा आपने जो फैसला लिया था, आज उसके सुखद परिणाम मिल सकते हैं। तरक्की के कुछ ऐसे मामले सामने आएंगे, जिसमें जीवनसाथी की सलाह आपके लिये फायदेमंद रहेगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन काफी बढ़िया रहेगा।

**मिथुन**
आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। व्यावसायिक प्रगति के लिए आज का दिन अनुकूल है। धन लाभ हो सकते हैं। परिश्रम का पूरा-पूरा लाभ मिलेगा। वैवाहिक समस्याओं का समाधान हो सकता है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का प्लान कर सकते हैं। समाज में मान-प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी होगी।

**कर्क**
आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। परिवार में आज किसी सदस्य से थोड़ा विवाद हो सकता है। बेहतर होगा आज बेवजह किसी बातों में दखल देने से बचें। इस राशि के स्टूडेंट्स को आज परीक्षा में अच्छे परिणाम मिल सकते हैं। आप परिवार के साथ कहीं बाहर घूमने जा सकते हैं। व्यापार मध्यम स्तर पर रहेगा।

**सिंह**
आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज कोई बड़ा कदम उठाने से बचें। आपको कोई फैसला लेने में समयसा महसूस हो सकती है। आज कोई पुराना विवाद सामने आ सकता है। संतान की शिक्षा में उन्नति होने की संभावना है। पढ़ाई के प्रति उनकी गंभीरता बढ़ेगी। आपका काफी समय खराब हो सकता है।

**कन्या**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप किसी काम में बेहतरीन परफॉरमेंस देने के लिए कुछ नया करेंगे। सफलता जरूर हासिल होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आप स्वस्थ महसूस करेंगे। अगर आप निवेश करना चाहते हैं, तो किसी की मदद लें, अच्छा रहेगा। परिवार में किसी धार्मिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी।

**तुला**
आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आपकी कुछ चिंताएं आपके लिए रूकावटें बन सकती हैं। अनियमित दिनचर्या के कारण आलस्य और थकान हो सकती है। अपने काम को न टालें। बेहतर होगा समय से काम पूरा कर लें। ओवर कॉन्फिडेंस जैसी स्थिति बन सकती है, इससे बचकर रहें।

**वृश्चिक**
आज मित्रों के सहयोग से रूके हुए काम पूरे हो सकते हैं। घर पर अचानक कोई मेहमान आ सकते हैं। शाम तक घर में किसी छोटी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। पुराने दोस्तों से मिलने का मौका मिल सकता है। आपको बिजनेस में मुनाफा होगा। कारोबारियों के लिए धन लाभ के योग बने हुए हैं।

**धनु**
आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपका अधिकतर समय बच्चों के साथ व्यतीत होगा। आप सकारात्मक रहेंगे और आपके मन में कई उम्मीदे भी बनी रहेंगी। कुछ नया काम करेंगे। अपने जीवन में अच्छा खासा सुधार कर सकते हैं। काम की पहले से योजना बनाना ज्यादा कारगर साबित होगा।

**मकर**
आज कोई नया काम शुरू करने से बचें। इस राशि के छात्रों को आज अधिक मेहनत करनी की जरूरत है। आज आपके कुछ काम अटक सकते हैं। इस राशि के मीडिया से जुड़े लोगों को आज थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। आप अपने विचारों और भावनाओं की अभिव्यक्ति बहुत अच्छी तरह कर सकेंगे।

**कुंभ**
आज किस्मत आपके साथ रहेगी। आपकी सेहत अच्छी रहेगी। भौतिक सुख-सुविधाओं की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। आपकी व्यक्तिगत समस्याएं हल होंगी। आज किसी भी काम के बारे में गहराई से विचार करेंगे, तो नतीजे आपके फेवर में आ सकते हैं। आपके लिए खुशनुमा रहेगा।

**मीन**
आज आपका ध्यान धार्मिक कार्यों में लग सकता है। शाम तक किसी धार्मिक आयोजन में भी जा सकते हैं। कामकाज से जुड़ी परेशानियां खत्म हो सकती हैं। आपको कोई सरप्राइज मिल सकता है। लाभ के साधनों में कमी आ सकती है। माता-पिता का सहयोग प्राप्त होने का योग है। परिवार का सहयोग प्राप्त हो सकता है।

# जटाशंकर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व की तैयारी जोरों पर



डोंगरगढ़(दावा)। मां बमलेश्वरी देवी मंदिर के दक्षिण पश्चिम दिशा में स्तिथ विशाल पहाड़ी के ऊपरी भाग पर विराजमान जटाशंकर महादेव जी का दर्शन लाभ लेने दूर-दराज से बड़ी संख्या में भक्ति जैन पहुंचते हैं जिसे ध्यान में रखते हुए इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व की तैयारी की जा रही है।

## दूर दराज से पहुंचते हैं भक्तगण

सन 1998 में वरिष्ठ शिक्षक रहे डी बी दत्ता सर ने इस पर्वत का जीर्णोद्धार करने का कार्य प्रारम्भ किया एवं ग्रामीण लोगो के सहयोग एवं समन्वय से इस पहाड़ी पर मंदिर का निर्माण कराया। जिसका निर्माण एवं विकास कार्य प्रक्रियाधीन है। अब इस पर्वत पर बने मंदिर के विकास हेतु जटा शंकर मंदिर ट्रस्ट अस्तित्व में है। यह पर महाशिवरात्रि के समय लोगो का जमावड़ा रहता हैं।

शिवलिंग की आकृति लिए हुए पहाड़

जिस पहाड़ी पर जटाशंकर महादेव विराजमान है वह पहाड़ी अपने आप में शिवलिंग का आकार लिए हुए प्रतीत होती है। ऐतिहासिक मंदिर से, 180 फुट लंबाई पूर्व में एवं 87.5 फुट लंबाई उत्तर में लिए हुए इस पहाड़ी के ऊपर एक विशाल मैदान है। यहां पर एक साथ करीब 5000 लोग बैठ सकते हैं। शंभु महादेव के त्रिशूल मार्ग में आस्था रखने वाले विचारकों का मत है कि यहां बैठकर सभी महादेव द्वारा बताए हुए जीवन के लिए परम उपयोगी एवं कल्याणकारी त्रिशूल मार्ग का श्रवण किया करते थे। त्रिशूल मार्ग के श्रवण से लोग महा ज्ञानी योग सिद्ध और शक्तिशाली बनते थे। इस प्रकार यह स्थान स्वयं प्राकृतिक कालचक्र में समायोजित किये हुए अपने वास्तविक अस्तित्व को बनाये हुए आज भी नवसत्व के रूप में आज हमारे सामने विधमान है।

# महाशिवरात्रि महोत्सव हुआ भव्य शुभारंभ







डोंगरगढ़(दावा)। श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव (मेला) के प्रथम दिन गोंदिया के सुप्रसिद्ध गायक जोड़ी अरूण राकेश द्वारा जगराता एवं जबलपुर के कलाकारों द्वारा आकर्षक नृत्य झांकी प्रस्तुत किया गया। दूसरे दिन छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध जसगीत गायक दुकालू यादव द्वारा जसगीत व भजन की शानदार प्रस्तुति दी गई। प्रथम बार आयोजित इस तीन दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव को लेकर आम जनों में भारी उत्साह का वातावरण है। बड़ी संख्या में नगरवासी और आसपास के ग्रामीण अंचलों के लोग कार्यक्रम देखने पंहुच रहे हैं। महोत्सव के लिए मंदिर ट्रस्ट समिति और प्रशासन द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गयी है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल

## तीन दिवसीय आयोजन का आज समापन

द्वारा आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पंहुच कर कार्यक्रम का आनंद लेने की अपील की गयी है। इस दौरान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपाध्यक्ष द्वय अनिल गट्टानी व संजय श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश मिश्रा मंत्री महेंद्र परिहार सहमंत्री बबलू शांडिल्य पूर्व अध्यक्ष पितांबर स्वामी ट्रस्टी प्रकाश बिंदल संजीव गोमास्ता विशेष आमंत्रित सदस्य अजय ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

लोक गायिका अलका चंद्राकर की प्रस्तुति आज 8 मार्च को महाशिवरात्रि महोत्सव के अंतिम दिन छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका अलका चंद्राकर द्वारा लोकगीत एवं लोक नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा समस्त धर्मप्रेमियों से निवेदन किया गया है कि असुविधा से बचने के लिए सपरिवार समय पूर्व कार्यक्रम स्थल में पहुंच कर स्थान ग्रहण कर लेवें।

# पहला कॉलम...

## उपमुख्यमंत्री अरूण साव की उपस्थिति में तहसील साहू संघ के अध्यक्ष लेंगे शपथ



16 मार्च को शपथ ग्रहण समारोह

डोंगरगढ़(दावा)। तहसील साहू संघ लाल बहादुर नगर के नवीन तहसील साहू संघ के प्रथम अध्यक्ष लक्ष्मण साहू अपनी पुरी टीम के साथ 16 मार्च को उप मुख्यमंत्री अरूण साव के मुख्य अतिथि में शपथ ग्रहण करेंगे। उप मुख्यमंत्री अरूण साव से सौजन्य मुलाकात कर शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने आमंत्रण दिया गया था,जिसे उप मुख्यमंत्री श्री साव ने स्वीकार किया है। इस अवसर पर डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक खेदूराम साहू जिला अध्यक्ष भागवत साहू कोषाध्यक्ष नोबल साहू तहसील सचिव रामाधीन साहू मंडल अध्यक्ष लाल बहादुर नगर पवीत साहू उपस्थित रहे।

## सिर्राभांठा में हुआ नेवता भोज



हरदी (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिर्राभांठा (मुजगहन) के प्रधान पाठक प्रवीण कुमार ठाकुर के जन्म दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला के बच्चों को शासन के आदेशानुसार न्योता भोज का आयोजन करवाया गया। न्योता भोज कार्यक्रम में बच्चों को ठाकुर सर के द्वारा खीर, पुड़ी, आलू गुंडा, पापड़ एवं प्याज पकोड़ा खिलाया गया। सभी बच्चों एवं शिक्षकों ने ठाकुर सर को जन्मदिन की शुभकामनाएं देकर धन्यवाद ज्ञापन किया।

## खनिज विभाग की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

राजेश मेश्राम

जोंधरा (दावा)। जिले में अवैध ईट भट्ठा संचालक के साथ-साथ रेत का खेल पूरी शिद्दत के साथ रेप माफिया कर रहे हैं पूरी रात शिवनाथ नदी की आत्मा चीत्कार रही होती है पूरी रात दर्री स्थित एनीकट से लेकर ओरारमुंडी गांव तक रेत का अवैध उत्खनन कर महंगे दामों पर बेचा जा रहा है। वही छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम मोहगांव महरूम, कापा एवं डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम बड़भूम, चारभांठा नवागांव में लाल ईट अवैध रूप से बनाया जा रहा है, पर खनिज विभाग ने अब तक ना तो रेत माफिया पर और ना ही लाल ईट निर्माताओं पर ही कोई कार्यवाही की जा रही है। विकासखंड छुरिया के ग्राम मोहगांव में आधे से अधिक घर ईट भट्टे व्यवसाय में संलग्न हैं बावजूद इसके इन पर कार्रवाई न होना प्रशासनिक कसावट की ओर इशारा करता है।

## पदुमतरा में राम मंदिर बनकर तैयार, कल कलश यात्रा, 10 मार्च प्राण प्रतिष्ठा

राजनांदगांव (दावा) ब्लॉक के पदुमतरा में श्री राम मंदिर ट्रस्ट समिति, महिला मंडल भागवत समिति आसपास ग्राम के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी व समस्त ग्रामवासी के सहयोग से श्री राम मंदिर का कार्य पूण हो चुका है। श्री राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने बताया 09 मार्च को सुबह 10 बजे से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा मंदिर प्रागण से प्रारंभ किया जाएगा जिन्हें मुख्य मार्ग भ्रमण करते हुवे मंदिर में समापन किया जाएगा व 10 मार्च दिन रविवार को सुबह 10 बजे से राम दरबार, भोलेनाथ व नर्मदेश्वर शिवलिंग का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुभारंभ किया जाएगा, प्राण प्रतिष्ठा पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। 11 मार्च से 17 मार्च तक दोपहर 01 बजे से प्रभु इक्छा तक राम कथा का आयोजन किया गया है। प्राण प्रतिष्ठा व कथा श्रीयुत आचार्य पं. युवराज पाण्डेय श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर के द्वारा सम्पन्न होगा।

## पेंशनर एसोसिएशन की बैठक 11 को

राजनांदगांव (दावा)। पेंशनर्स एसोसिएशन छ.ग. प्रदेश की प्रदेश जिला, तहसील एवं नगर स्तरीय बैठक सोमवार 11 मार्च 2024 को 12.30 बजे दिन से पेंशनर भवन ठाकुर प्यारेलाल स्कूल परिसर में प्रारंभ होगी। जिसमें राजनांदगांव जिला, मोहला मानपुर चौकी जिला एवं जिला-दुर्ग के पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। बैठक में विगत दिनों रायपुर में संपन्न पेंशनर फेडरेशन की क्रांति बैठक में लिए गए निर्णय की जानकारी दी जावेगी। प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष डी.एन. साहू महासचिव जी.आर. देवांगन, सचिव डी.डी. पाण्डे, मोहला जिला अध्यक्ष पूर्णानंद, दुर्ग अध्यक्ष पुररूषोत्तम साहू ग्रामीण सोनबोईर, कुमर्दा तहसील अध्यक्ष प्रीतराम चंद्रवंशी, छुरिया तहसील से कोल्हूराम साहू ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है यह जानकारी जिला कोषाध्यक्ष गैंदराम देवांगन ने दी।

# प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुए जिले की स्वसहायता समूह एवं विभिन्न संगठनों की महिलाएं



खैरागढ़ (दावा)। जिला मुख्यालय खैरागढ़ स्थित सांस्कृतिक भवन सहित विकासखंड में शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा महिला समूहों से महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में वर्चुअल संवाद किया गया। जिसका प्रसारण जिला एवं विकासखंड स्तर में प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से स्वसहायता समूह, विभिन्न संगठनों की महिलाएं एवं जनप्रतिनिधि जुड़े रहे। प्रधानमंत्री संवाद कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्थानों में लाईव प्रसारण किया गया गौरतलब है, कि खैरागढ़ स्थित सांस्कृतिक भवन साथ ही खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम अतरिया एवं मुढ़ीपार, छुईखदान विकासखंड के बुंदेली, गंडई, साल्हेवारा में आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गांव एवं शहर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। उक्त कार्यक्रम में विक्रांत सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारत को विकसित भारत बनाने में महिलाओ की भूमिका महत्वपूर्ण है, अपने संबोधन में उन्होंने यह भी बताया कि हमारी माताओं और बहनों के लिए राज्य सरकार अनेक महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। पुरुषो से अगर कोई शक्तिशाली है, तो वो हमारी महिला शक्ति है आज समाज में सुधार के क्षेत्र में महिलाओ का अहम योगदान रहा है,स्वसहायता समूह के बारे में पहले बहुत कम लोगो को पता था, किंतु आज की स्थिति में हर गांव में अनेक महिला समूह सक्रिय होकर कार्य कर रही है। इस अवसर पर नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, उद्यमिता विकास, महिला सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता और शासकीय योजनाओं से जुड़ाव में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए मातृशक्ति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। खैरागढ़ के सांस्कृतिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, टी.के.चंदेल, विकेश गुप्ता, रामाधार रजक, रूपेन्द्र रजक, आलोक श्रीवास, नरेंद्र श्रीवास, विनय देवांगन, कमलेश कोठले, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयशा सिंह ''बोनी'' सहित जिले में विभिन्न स्थानों में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में महिला स्वसहायता समूह एवं विभिन्न संगठनों की महिलाएं उपस्थित थी।

00 उत्कृष्ट कार्य करने के लिए स्वसहायता समूह की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित
00 भारत को विकसित भारत बनाने में महिलाओ की भूमिका महत्वपूर्ण है- विक्रांत सिंह

# नव पदस्थ चौकी प्रभारी अजीत महोबिया का पुष्प भेंटकर किया स्वागत



हरदी (दावा)। भारतीय जनता पार्टी पिनकापार शक्ति केंद्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नव पदस्थ चौकी प्रभारी अजीत महोबिया का पुष्प भेंट कर स्वागत शुभकामनाएं प्रेषित की इस अवसर पर दिलेशवर भुआर्य जिला महामंत्री अनुसुचित जनजाति मोर्चा बालोद, शुभम देशमुख मंडल उपाध्याक्ष युवा मोर्चा खेरथा, इंदु भुआर्य संयोजक शक्ति केंद्र पिनकापार, जाग्रत देवांगन महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा खेरथा मंडल, बुथ अध्यक्ष क्र. 1 जनक खरे बुथ अध्यक्ष क्र. 2 गोविन्द कौशिक उपस्तिथ रहे। नव पदस्थ चौकी प्रभारी महोबिया ने कहा कि जनता एवं पुलिस का तालमेल होना बहुत जरूरी है। एवं अपने आरक्षको को दो टूक कहा कि क्यों न मैं फील्ड में रहुं कोई भी जनता फरियाद लेकर आता है। सबसे पहले उन्हें बैठने के लिए बोले, पानी पिलाएं, ये काम पहले होना चाहिए। ज्योति ठाकुर जनपद सदस्य, डोमन साहू गिधवा, डोमन साहू खामतराई, कोमन साहू बुथ अध्यक्ष खामतराई, दुलेशवर साहू बुथ अध्यक्ष महाराजपुर, दुर्गा प्रसाद साहू बुथ अध्यक्ष मुड़खुसरा, देवेंद्र देवांगन बुथ अध्यक्ष गिधवा, राजेंद्र शर्मा बुथ अध्यक्ष खामभाठ, विजय कुंजाम बुथ अध्यक्ष कोलियारा अशोक देवांगन पिनकापार ने बधाई प्रेषित की है।

# ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार से पेयजल की समस्या नहीं आनी चाहिए - कलेक्टर



राजनांदगांव (दावा)। ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जिले के सभी गांवों में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था हो इसके लिए तैयारियां की जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता मिशन संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में किसी भी प्रकार से पेयजल की कमी से संबंधित कोई भी समस्या नहीं आनी चाहिए, इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिले में जल जीवन मिशन अंतर्गत नलों के माध्यम से पेयजल घरों तक उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। बैठक में उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत प्रारंभ सभी कार्यों को पूरा करने का कार्य तेजी से करें और इसमें प्रगति लाएं। बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे जल जीवन मिशन कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने कहा। उन्होंने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के हेण्डपंप के सुधार के कार्यों को 15 मार्च से अभियान चलाकर करने कहा। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में पानी की समस्या नहीं होगी। जिन गांवों में पेयजल के संबंध में ज्यादा समस्या आ रही हो वहां स्वयं जाकर देखकर निराकरण करें। उन्होंने जिले के सभी ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन चर्चा कर पेयजल की समस्याओं का निराकरण करने पर जोर दिया।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले में कार्यरत ठेकेदारों द्वारा आबंटित कार्यों पूर्ण करने हेतु समयावृद्धि की मांग की थी, जिस पर समिति द्वारा अर्थदंड अधिरोपित करते हुए समयावृद्धि प्रदान की गई। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आगे कहा कि जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत संचालित प्रगतिरत सभी कार्यों की निरंतर मानिटरिंग करते रहे। इसके अलावा जहां कही भी ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या आती है, तो उसका तत्काल निराकरण कराएं। उन्होंने सभी जनपद कार्यालयों में एक शिकायत रजिस्टर रखने के निर्देश दिए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में होनी वाली समस्याओं का पता चल रहे और समय पर उसका निराकरण किया जा सके।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को कलस्टर वार ग्रुप बनाएं और उसमें ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल से संबंधित आने वाली सभी प्रकार की शिकायतों को ध्यान में लाएं और उनका समय पर निराकरण करें। इसके लिए अपने सभी अमलों से समन्वय बनाकर कार्यों को पूरा करने कहा। बैठक में जल जीवन मिशन से संबंधित विभिन्न कार्यों का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं के आमंत्रित निविदा में पात्रता निर्धारण कर प्राप्त दर के निराकरण, किए गए कार्यों के भुगतान व व्यय का अनुमोदन सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड राजनांदगांव एवं सदस्य सचिव समीर शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के. बसोड़, कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमती गुरूप्रीत कौर, उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पाण्डे, सहायक संचालक शिक्षा आदित्य खरे, सांसद प्रतिनिधि बिसेसर दास साहू एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

० जिले के ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन चर्चा कर पेयजल की समस्याओं का करें निराकरण
० कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक संपन्न

# जारी विकास परियोजनाओं के कार्यो की गति करें तेज- सचिव कावर



खैरागढ़ (दावा)। जिले के नव नियुक्त प्रभारी सचिव श्री महादेव कावरे ने आज जिले की वस्तुस्थिति जानने कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सर्वप्रथम उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने पीपीटी के मध्यम से जिले की वस्तुस्थिति से अवगत कराया। श्री वर्मा ने बताया जिले में विभागो के लिए सेटअप स्वीकृत हुए है, जिसमे एक से दो पद ही भरे हुए है बाकी रिक्त है। इसके अलावा कुछ विभाग राजनांदगांव से संचालित की जारी है। साथ ही कुछ विभाग की जिले में सेटअप ही नहीं है।

बैठक में प्रभारी सचिव श्री कावरे ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से बारी बारी से उनके विभाग द्वारा सचलित सभी योजनाओं की बारीकी से समीक्षा की। सर्वप्रथम उन्होंने महिला बाल विकास द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना की समीक्षा करते हुए जानकारी प्राप्त की। श्री कावरे ने कहा की महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ शासन की अति महत्वाकांक्षी योजना है, जो महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस योजना की प्रदेश भर में शुरुआत की गई। जिसका क्रियान्वयन जिले में सही ढंग से हो। इस दौरान उन्होंने सेक्टर सुपरवाइजर को फील्ड में रहने एवम आंगनबाड़ी केंद्रों को समय में खोलने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से केंद्र शासन की जल जीवन स्कीम की समीक्षा करते हुए जिले में नल कनेक्शन के प्रगति की जानकारी ली। इसी प्रकार प्रभारी सचिव श्री कावरे ने ने विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों एवं रुके कार्यों की मौजूदा स्थिति को जानते हुए समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जारी विकास परियोजनाओं के कार्यों की गति तेज करने के लिए कहा और गति तेज करने के लिए आने वाली रुकावटों के कारण भी जाने। श्री कावरे ने कहा कि जो कार्य जिला स्तर पर ही पूरे किए हैं, उन्हें तय समय पर पूरा किए जाएं ताकि जनता को उसका समय पर लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा की राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचे, इसके लिए भी अधिकारी सक्रियता से काम करें और योजनाओं को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए अपने प्रयास तेज करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल बंसल, वनमंडलाधिकारी श्रीमती पुष्पलता टंडन, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद ठाकुर, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान सुश्री रेणुका रात्रे सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

जिला प्रभारी सचिव महादेव कावरे ने की विकास कार्यों की समीक्षा

# लोकसभा क्षेत्र से विष्णु लोधी ने कांग्रेस से मांगी टिकट



डोंगरगढ़ (दावा)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता विष्णु लोधी ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से विधिवत प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को आवेदन देकर दावेदारी कर दी है। विष्णु लोधी ने कहा प्राप्त आवेदनों में से क्षेत्र की जनता के सुझावों से योग्य व्यक्ति का चयन कर राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार की घोषित करने की मांग की है।

आगे विष्णु लोधी ने कहा पार्टी में टिकट मांगने का अधिकार सबको है और इसी परिप्रेक्ष्य मैंने भी टिकट की मांग की है। टिकट तो एक ही होता है किसी एक को ही मिलेगा और पार्टी जिस किसी को टिकट देगी उसी के लिए हम सभी काम करेंगे। विष्णु लोधी वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष भी है ।आवेदन सौंपते समय प्रमुख रूप से पिछड़ा वर्ग प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष व प्रदेश लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा, लोधी समाज के प्रदेश महामंत्री घनश्याम कौशिक, राजनांदगांव लोधी समाज के जिला अध्यक्ष उत्तम जंघेल, कवर्धा जिला लोधी समाज के जिला अध्यक्ष जय प्रकाश लोधी, रायपुर जिला लोधी समाज के जिला अध्यक्ष अधीन जंघेल,दुर्ग जिला लोधी समाज के अध्यक्ष बनाउ वर्मा, लोधी समाज के प्रदेश प्रचार सचिव भगवती वर्मा विश्राम वर्मा आदि बड़ी संख्या में समाजिक जन एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### ब्रिटेन में भारतीय मूल की महिला पर 10 साल की बेटी की हत्या करने का आरोप

लंदन। 33 वर्षीय भारतीय मूल की महिला बुधवार को ब्रिटेन की एक अदालत में पेश हुई, जिस पर उसकी 10 वर्षीय बेटी की हत्या का आरोप है, जो इंग्लैंड के वेस्ट मिडलैंड्स क्षेत्र के एक शहर में अपने घर पर मृत पाई गई थी। जसकीरत कौर, जिसे जैस्मीन कांग के नाम से भी जाना जाता है, शे कांग की हत्या के आरोप में वॉल्वरहैम्प्टन मजिस्ट्रेट कोर्ट के सामने पेश हुई, जिसे उसके स्कूल की ओर से श्रद्धांजलि के दौरान उज्ज्वल बच्ची बताया गया था। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने कहा कि लड़की को सोमवार को राउली रेजिस के एक पते पर चोटों के साथ पाया गया था और उसे घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस के डिटेक्टिव इंस्पेक्टर डैन जेराट ने कहा, हमारी संवेदनाएं शे के परिवार और दोस्तों के साथ हैं। उनकी दुखद मृत्यु का उनके जानने वालों के साथ-साथ व्यापक समुदाय पर भी गहरा प्रभाव पड़ा है। हम अनुरोध करते हैं कि हमारी पूछताछ जारी रहने तक उन्हें निजी तौर पर शोक मनाने के लिए छोड़ दिया जाए। उन्होंने कहा, जो कुछ हुआ उससे समुदाय स्तब्ध रह गया है और हम आने वाले दिनों में क्षेत्र में पुलिस की उपस्थिति जारी रखेंगे और अपना समर्थन देंगे। कौर को सोमवार को उस आवासीय संपत्ति से गिरफ्तार किया गया था जहां उनकी बेटी का शव मिला था। रॉबिन क्लोज की संपत्ति पर घेरा बना हुआ है और मौत का कारण स्थापित करने के लिए उचित समय पर पोस्टमार्टम किया जाएगा।

### आतंकियों का शिकार, सीरिया में 18 लोगों की मौत, 50 से ज्यादा लापता

नई दिल्ली। सीरिया के रेगिस्तान में हुए एक संदिग्ध आतंकवादी हमले में कम से कम 18 लोगों की जान जाने की खबर है। 50 से अधिक लोग लापता चल रहे हैं। जानकारी के अनुसार ये लोग ट्रफल नाम के फल ढूंढने के लिए निकले थे और इसी दौरान हमले की चपेट में आ गए। एक मॉनिटरिंग ग्रुप के मुताबिक यह हमला संभावित रूप से इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन के आतंकी ने किया था। यूनाइटेड किंगडम की सीरियन ऑब्जरवेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार यह हमला सीरिया के पूर्वी प्रांत दीर अल-जौर में कोबाजेब शहर के पास स्थित रेगिस्तान में हुआ था। ग्रुप ने जहां 18 लोगों की मौत होने की बात कही है वहीं, सीरिया समर्थक टीवी चैनल ने कम से कम 47 लोगों के मारे जाने का दावा किया है। मॉनिटरिंग ग्रुप ने जहां 18 लोगों की मौत होने की बात कही है वहीं, सीरिया समर्थक टीवी चैनल ने कम से कम 47 लोगों के मारे जाने का दावा किया है। इसके अलावा कुर्द नॉर्थ प्रेस न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार हमले में महिलाओं और बच्चों समेत लगभग 40 लोग मारे गए हैं। बता दें कि पिछले साल भी ट्रफल ढूंढने का काम करने वाले दर्जनों सीरियाई नागरिकों की ऐसे ही हमलों में जान गई थी।

### भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ

नई दिल्ली। गुरुवार के कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार तेजी के साथ बंद हुआ है. सेंसेक्स - निफ्टी में मामूली तेजी रही हालांकि एफएमसीजी स्टॉक्स में जोरदार खरीदारी देखने को मिली है. आज के ट्रेड में मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी रही है. आज का कारोबार खत्म होने पर बीएसई सेंसेक्स 33 अंकों के मामूली उछाल के साथ 74,119 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 19 अंकों के उछाल के साथ 22,493 अंकों पर क्लोज हुआ है. सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही अपने ऐतिहासिक हाई पर बंद हुआ है. आज के ट्रेड में एफएमसीजी, आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, मीडिया, कमोडिटी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर सेक्टर के स्टॉक्स में उछाल देखने को मिला है. जबकि बैंकिंग, ऑयल एंड गैस, एनर्जी, रियल एस्टेट और इंफ्रा स्टॉक्स गिरकर क्लोज हुए. बुधवार की गिरावट के बाद आज के सत्र में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में जोरदार खरीदारी देखने को मिली है. सेंसेक्स के 30 शेयरों में 20 स्टॉक्स तेजी के साथ और 10 गिरकर बंद हुए. जबकि निफ्टी के 50 शेयरों में 30 शेयर तेजी के साथ और 20 गिरावट के साथ क्लोज हुए.

### आज उद्धव ठाकरे की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना (यूबीटी) सुप्रीमो उद्धव ठाकरे की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अप्रैल के दूसरे सप्ताह में सूचीबद्ध किया। साथ ही शीर्ष अदालत ने प्रतिवादियों को एक अप्रैल या उससे पहले जवाब दाखिल करने को कहा है। बता दें कि उद्धव ठाकरे ने शिंदे गुट के विधायकों को अयोग्य ठहराने से महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर के इनकार को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस मामले में अब 8 अप्रैल को सुनवाई होगी, जबकि मुख्यमंत्री शिंदे से एक अप्रैल या फिर उससे पहले उद्धव ठाकरे की याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

## इंग्लैंड की पहली पारी 218 रन पर सिमटी, कुलदीप ने पांच और अश्विन ने चार विकेट झटके



**धर्मशाला। धर्मशाला टेस्ट की पहली इनिंग में इंग्लैंड की टीम 218 रनों पर सिमट गई है. टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी रही. ओपनर जैक क्राउली और बेन डकैट ने पहले विकेट के लिए 64 रन जोड़े. अंग्रेजों को चौथा झटका 175 रनों के स्कोर पर लगा. लेकिन इसके बाद अंग्रेज बल्लेबाज स्पिनरों के खिलाफ लगातार पवैलियन का रूख करते रहे. इंग्लैंड के लिए जैक क्राउली ने सबसे ज्यादा 79 रन बनाए.**

भारत के लिए कुलदीप यादव सबसे कामयाब गेंदबाज रहे. कुलदीप यादव ने 5 बल्लेबाजों को आउट किया. वहीं, रवि अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट में 4 विकेट लिए. रवीन्द्र जडेजा के 1 कामयाबी मिली.

इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला किया. पहला झटका 64 रनों के स्कोर पर लगा. इसके बाद ओली पोप और जैक क्राउली ने स्कोर 100 रनों तक पहुंचाया. अंग्रेजों को तीसरा झटका 100 रनों के स्कोर पर लगा. इंग्लैंड का मिडिल ऑर्डर बुरी तरह फ्लॉप रहा. जो रूट के अलावा जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स और बेन फोक्स जैसे बल्लेबाजों ने निराश किया.

दरअसल, एक वक्त इंग्लैंड की टीम मजबूत स्थिति में थी. 175 रनों तक महज 3 बल्लेबाज आउट हुए थे. लेकिन इसके बाद भारतीय स्पिनरों के सामने अंग्रेज बल्लेबाज लगातार पवैलियन का रूख करते गए. देखते-देखते ही 183 रनों पर 8 विकेट हो गए. यानी, 8 रन बनाने में 5 बल्लेबाज पवैलियन लौट गए.

जैक क्राउली ने जरूर 79 रन बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज बुरी तरह फ्लॉप रहे. बेन डकैट ने 27 रन बनाए. ओली पोप 11 रन बनाकर चलते बने. जो रूट 26 बनाकर पवैलियन का रूख कर गए. जबकि जॉनी बेयरस्टो ने 29 रनों का योगदान दिया. बेन फोक्स 24 रन बनाकर रवि अश्विन की गेंद पर बोल्ड हुए. कप्तान बेन स्टोक्स समेत इंग्लैंड के 3 बल्लेबाज बिना कोई रन बनाए चलते बने. लिहाजा, एक वक्त मजबूत स्थिति में दिख रही इंग्लैंड की टीम महज 218 रनों पर ऑलआउट हो गई.

## भारत-जापान से खरीदेगा 6 बुलेट ट्रेन



नई दिल्ली। भारत में ट्रेनों की गति लगातार बढ़ाने की कोशिशें की जा रही हैं। भारत में लगातार वंदे भारत ट्रेनों की बढ़ोतरी हो रही है। लेकिन इसी बीच भारत बुलेट ट्रेन को चलाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इसी बीच भारत 6 बुलेट ट्रेन खरीदने जा रहा है। इसे लेकर जापान के साथ इसी महीने यानी मार्च महीने के अंत तक डील फाइनल हो जाएगी।

जापान के साथ भारत श्व5 सीरीज की बुलेट ट्रेनें खरीदेगा। उम्मीद है कि मार्च महीने के अंत तक यह डील फाइनल हो सकती है। इस डील के साथ ही 2026 तक गुजरात में पहली बुलेट ट्रेन शुरू होने की संभावना बढ़ेगी। सूत्रों ने बताया कि नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड इस साल 15 अगस्त तक ट्रेनों और ऑपरेटिंग सिस्टम की खरीद के लिए बोली लगाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अहमदाबाद मुबई के बीच बन रहे 508 किमी लंबे बुलेट ट्रेन कॉरिडोर में जब बुलेट ट्रेन चलेगी तो समय सिर्फ 2 घंटे 45 मिनट का लगेगा। अधिकारियों ने बताया कि जनवरी तक परियोजना का कुल 40 प्रतिशत काम पूरा कर लिया गया था। गुजरात में लगभग 48 फीसदी कार्य की प्रगति हुई है, जबकि महाराष्ट्र में महज 22 प्रतिशत ही काम हुआ है।

## सीमा पर तनाव के लिए जयशंकर ने चीन को ठहराया जिम्मेदार, कहा...

टोक्यो । भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर चीन पर निशाना साधा है और सीमा पर तनाव के लिए चीन को जिम्मेदार ठहराया है। जयशंकर ने कहा कि चीन लिखित समझौते का उल्लंघन कर रहा है, जिसकी वजह से ही दोनों देशों के सैनिकों में 2020 में हिंसक झड़प हुई। विदेश मंत्री एस जयशंकर जापान की राजधानी टोक्यो में रायसीना राउंड टेबल बैठक में शामिल हुए। इस दौरान वैश्विक ऑर्डर में आ रहे बदलाव पर उन्होंने कहा कि हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में शक्ति परिवर्तन हो रहा है और जब क्षमताओं, प्रभाव और महत्वकांक्षाओं में बड़ा बदलाव होता है तो इसका रणनीतिक स्तर पर गंभीर असर होता है।



जयशंकर ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि %अब आप इसे पसंद करें या नहीं, लेकिन यही सच्चाई है और आपको इससे डील करना पड़ेगा। चीजें बदल रही हैं और सभी को कोशिश करनी चाहिए कि चीजों को जितना हो सकते स्थायी रखा जाए। हालांकि बीते एक दशक में ऐसा नहीं हुआ है। उदाहरण के लिए चीन के साथ हमारी 1975 से 2020 तक, करीब 45 वर्षों तक कोई हिंसक झड़प नहीं हुई, लेकिन 2020 में ये बदल गया। विदेश मंत्री ने कहा कि हम कई चीजों पर असहमत हो सकते हैं, लेकिन देशों को अपने पड़ोसी देशों के साथ लिखित समझौतों का उल्लंघन नहीं करना चाहिए और आपने किया, जिससे दोनों देशों के रिश्तों और स्थायित्व और सच पूछिए तो आपकी नीयत पर सवालिया निशान लगता है। उल्लेखनीय है कि 5 मई 2020 को पूर्वी लद्दाख बॉर्डर पर भारत और चीन के सैनिकों में हिंसक झड़प हुई थी। गलवान घाटी में हुई इस हिंसा से दोनों देशों के रिश्तों में तनाव बढ़ गया और संघर्ष की आशंका पैदा हो गई थी। भारत सरकार की तरफ से पहले भी कहा गया है कि जब तक सीमा पर शांति नहीं होगी, तब तक दोनों देशों के रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते।

## गुजरात जायंट्स को मिली पहली जीत, बेंगलुरु को 19 रन से दी मात; बेथ मूनी ने खेली नाबाद अर्धशतकीय पारी

नई दिल्ली। गुजरात जायंट्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 19 रन की शानदार जीत के साथ अपनी चार मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया है। बुधवार को दिल्ली में चल रहे महिला प्रीमियर लीग 2024 में अपनी पहली जीत दर्ज की। गुजरात जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट के नुकसान पर 199 रन का स्कोर बनाया। आरसीबी 8 विकेट 180 रन ही बना सकी।



गुजरात ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लौरा वोल्वार्ड्ट और बेथ मूनी ने पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी की। लौरा और मूनी के बीच 140 रन की साझेदारी हुई। लौरा वोल्वार्ड्ट ने 45 गेंद पर 76 रन की पारी खेली। वहीं, कप्तान बेथ मूनी ने 51 गेंद पर नाबाद 85 रन की पारी खेली। लिचफील्ड ने 18 रन का योगदान दिया।

आरसीबी की तरफ से सोफी डिवाइन ने 3 ओवर में 0/37 और रेनुका ठाकुर 4 ओवर में 0/34 रन लुटाए। मोलिनक्स ने 4 ओवर में 32 रन देकर एक विकेट लिया। वेयरहैम ने 4 ओवर में 36 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। आरसीबी की तरफ से कप्तान स्मृति मंधाना ने सात गेंदबाजों से गेंदबाजी कराई। गुजरात के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की शुरुआत बेहद खराब रही। मेघना के रूप में पहला झटका लगा। मेघना 4 रन बनाकर रन आउट हुई। स्मृति मंधाना ने 24 रन का योगदान दिया। एलिस पेरी भी कुछ खास नहीं कर सकीं और 24 रन बनाकर आउट हो गईं। सोफी डिवाइन ने 23 रन का योगदान दिया। ऋचा घोष ने 30 की तेज पारी खेली।

## हमास का 'रॉकेट मैन' अलादीनी ढेर

नई दिल्ली। इजरायली सेना ने दावा किया है कि उसने हमास रॉकेट यूनिट चीफ को एक ऑपरेशन में डाला है. इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने बताया कि आईडीएफ फोर्स ने अमर अतिया दरविश अलादिनी को मार गिराया, जो मध्य गाजा में हमास रॉकेट यूनिट का प्रभारी था.

अद्राई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यह ऑपरेशन सैन्य खुफिया निदेशालय और शिन बेट सुरक्षा सर्विस से मिली जानकारी के आधार पर किया गया. प्रवक्ता ने कहा कि अलादिनी दशकों से हमास के लिए काम कर रहा था और मौजूदा जंग में भी सक्रिय था. यह हमास के लिए रॉकेट तैयार करता था और गाजा में आईडीएफ ऑपरेशन कास्ट लीड के खिलाफ 2008 की शुरुआत में रॉकेट हमले शुरू करने के लिए भी जिम्मेदार था.

बयान में दावा किया गया कि अलादिनी ने पिछले साल 7 अक्टूबर को हुए हमास के हमले में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी. इस दौरान उसने तेल अवीव और अन्य इजरायली सीमावर्ती शहरों को टारगेट करने वाले रॉकेट लॉन्च का निर्देश दिया. उसने इजरायल के युद्धाभ्यास बलों की तरफ भारी गोलीबारी को बढ़ावा दिया.

अद्राई ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में, इजरायली एयर फोर्स ने उत्तरी गाजा में हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के कई ठिकानों पर हमला किया, इनमें इन संगठनों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले अपार्टमेंट, लड़ाकू उपकरणों को रखने के लिए गोदाम, लॉन्चिंग पिट्स और सुरंगें शामिल हैं.

## पाकिस्तान में धूमधाम से मनेगी महाशिवरात्रि

### भारत से पहुंचे 62 हिंदू तीर्थयात्री



लाहौर। पाकिस्तान में महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए 62 हिंदू बुधवार को वाघा सीमा के रास्ते भारत से लाहौर पहुंचे है। इवेक्यू ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के प्रवक्ता आमिर हाशमी ने कहा कि महाशिवरात्रि समारोह में भाग लेने के लिए कुल 62 हिंदू तीर्थयात्री बुधवार को भारत से लाहौर पहुंचे।

आमिर हाशमी ने कहा कि ईटीपीबी द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि का मुख्य समारोह नौ मार्च को लाहौर से लगभग 300 किलोमीटर दूर चकवाल में ऐतिहासिक कटास राज मंदिर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक नेता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वाघा में धार्मिक स्थलों के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद सलीम ने विश्वनाथ बजाज के नेतृत्व में आए हिंदुओं का स्वागत किया।

## यू एस कश्मीर के मुद्दे पर भारत-पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता से किया साफ इनकार

**वाशिंगटन। अमेरिका ने कश्मीर को लेकर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। संयुक्त राज्य अमेरिका के विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा है कि वाशिंगटन कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान के बीच ÷उत्पादक और शांतिपूर्ण वार्ता÷ का स्वागत करेगा, लेकिन किसी भी तरह की बातचीत की रफ्तार क्या होगी, उसकी गुंजाइश क्या होगी और बातचीत का आधार क्या होगा, ये भारत और पाकिस्तान के बीच तय करने का मामला है।**

विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को उनके दूसरे कार्यकाल के लिए पद की शपथ लेने पर बधाई देने पर एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही।

यानि, अमेरिका ने साफ शब्दों में कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच आने से इनकार कर दिया है, जो पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि वो लगातार इस कोशिश में लगा था, कि अमेरिका, कश्मीर को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाए, जबकि भारत किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप को नकारता है। मिलर ने कहा, हम, निश्चित रूप से, प्रधानमंत्री के बयान का स्वागत करते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है और हम उनके बीच उत्पादक और शांतिपूर्ण संबंध देखना चाहते हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

*0 आठ साल में 22 करोड़ युवाओं ने मांगी सरकारी.....*

नीति में है, न ही नीयत में। प्रधानमंत्री घूम-घूम कर 'मोदी की गारंटी' बेच रहे हैं। सच ये है कि उनकी अधिकतर गारंटी फेल हो चुकी है। अनुपम के मुताबिक, प्रधानमंत्री की सबसे बड़ी गारंटी थी 'दो करोड़ रोजगार'। यह बुरी तरह फेल हुई है। उधर, राहुल गांधी ने गुरुवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान युवाओं से कहा, कांग्रेस आपको पांच एतिहासिक गारंटियां दे रही है, जो आपकी तकदीर बदल देगी। 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति की गारंटी। हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक लाख रुपये प्रतिवर्ष स्टाइपेंड के अप्रेंटिसशिप की गारंटी।

पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून बनाकर विश्वसनीय ढंग से परीक्षा के आयोजन की गारंटी। जीआईजी इकॉनमी की वर्क फोर्स के लिए काम की बेहतर परिस्थितियों, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी। 5000 करोड़ रुपये के राष्ट्रीय कोष से जिला स्तर पर युवाओं को स्टार्ट-अप फंड देकर उन्हें उद्यमी बनाने की गारंटी। राहुल ने कहा, युवाओं के सपनों को हकीकत बनाना कांग्रेस का संकल्प है।

## मूनी-वोल्वार्ड्ट की शुरुआती साझेदारी ने जायंट्स को पहली जीत दिलाई

नई दिल्ली। यहां के अरुण जेटली स्टेडियम में बुधवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गुजरात जायंट्स ने अपनी हार का सिलसिला तोड़ते हुए रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ रोमांचक मुकाबले में 18 रन से जीत हासिल की।

बेंगलुरु में लगातार चार हार झेलने के बाद गुजरात जायंट्स की दिग्गजों ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लौरा वोल्वार्ड्ट और बेथ मूनी के बीच शतकीय साझेदारी की मदद से टीम मजबूत स्थिति में पहुंच गई। वोल्वार्ड्ट और मूनी की साझेदारी में 140 रन बने। वोल्वार्ड्ट ने इस साल किसी जाइंट्स बल्लेबाज द्वारा पहला अर्धशतक बनाने का रिकॉर्ड बनाया। कप्तान मूनी ने अंत तक बल्लेबाजी की और नाबाद 85 रन बनाए। पांच विकेट पर 199 रन के दूसरे सबसे बड़े स्कोर से मुकाबला रोमांचक हो गया। हालांकि, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, जो पीछा करने की जबरदस्त क्षमता के लिए जाना जाता है, दुर्जेय प्रतिद्वंद्वी साबित हुआ। आरसीबी ने पिछले साल जाइंट्स के खिलाफ 189 रनों का पीछा किया था।

सोफी डिवाइन ने जाइंट्स द्वारा निर्धारित कठिन लक्ष्य का उत्साहपूर्वक पीछा किया। डिवाइन की आक्रामक बल्लेबाजी ने आरसीबी के पक्ष में पलड़ा पलटने की कोशिश की, जिससे दिग्गजों को आशा की एक किरण मिली। पावरप्ले की दो गेंद के बाद डिवाइन क्रीज पर थीं, जब आरसीबी का स्कोर 2 विकेट पर 42 रन था। वह टीम को 2 विकेट पर 76 रन तक ले गईं, लेकिन बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर ने उन्हें बोल्ड कर दिया, जिससे आरसीबी का मध्य क्रम खत्म हो गया। ऋचा घोष और जॉर्जिया वेयरहैम के साहसिक प्रयास के साथ आरसीबी अंत तक विवाद में बनी रही। हालांकि, डेथ ओवरों में वेयरहैम की विस्फोटक बल्लेबाजी ने प्रतियोगिता में नया मोड़ ला दिया, जिससे आरसीबी की असंभव जीत की उम्मीदें फिर से जग गईं। ऋचा घोष ने 20 गेंदों में 30 रनों की जोरदार पारी खेली। और जॉर्जिया वेयरहैम के साथ 33 रनों की साझेदारी की।

## मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत के रथ को बरकरार नहीं रख पाई यूपी

नई दिल्ली। महिला प्रीमियर लीग के 14वें मैच में मुंबई इंडियंस ने यूपी वॉरियर्स के खिलाफ 43 रन से जीत दर्ज कर पिछली हार का बदला ले लिया। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट खोकर 160 रन बनाए। इसके जबाव में यूपी 20 ओवर में नौ विकेट खोकर सिर्फ 118 रन बना सकी।

### दीप्ति के अलावा नहीं चली कोई बल्लेबाज

161 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूपी की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई। एलिसा हेली और किरण नवगिरे फ्लॉप साबित हुईं। भारतीय बल्लेबाज ने सिर्फ सात रन बनाए। टीम को दूसरा झटका चमारी अटापट्टू के रूप में लगा। वह तीन रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान एलिसा हेली भी ज्यादा देर तक मैदान पर टिक नहीं पाईं। शबनिम इस्माइल ने उन्हें पांचवें ओवर की पहली गेंद पर बोल्ड कर दिया। मुंबई के खिलाफ यूपी के लिए दीप्ति शर्मा ने सर्वाधिक रन बनाए। उन्होंने छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 53 रन बनाए और राजेश्वरी गायकवाड़ (एक रन) के साथ नाबाद रहीं। इसके अलावा ग्रेस हैरिस ने 1, श्वेता सहरावत ने 17, सोफी एक्लेस्टोन ने



शून्य, उमा क्षेत्री ने आठ और साइमा ठाकुर ने शून्य रन बनाए। मुंबई के लिए साइका इशाक ने तीन विकेट लिए जबकि नैट सिवर ब्रंट को दो सफलता मिलीं। वहीं, शबनिम इस्माइल, हेली मैथ्यूज, पूजा वस्त्रकार और सजीवन सजना ने एक-एक विकेट हासिल किया।

मुंबई ने यूपी को दिया 161 रन का लक्ष्य

यूपी वॉरियर्स के खिलाफ मुंबई ने 161 रन का लक्ष्य तैयार किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई इंडियं की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई। टीम को पहला झटका हेली मैथ्यूज के रुप में लगा जिन्हें चमारी अटापट्टू ने अपना शिकार बनाया। हेली सिर्फ चार रन बना सकीं। वहीं, यास्तिका भाटिया नौ रन बनाकर आउट हुई जिन्हें चमारी ने ही पवेलियन भेजा। मुंबई के लिए सधी हुई पारी खेलने वाली नैट सिवर ब्रंट 35 रन बनाकर आउट हो गईं। तीसरे विकेट के लिए नैट और हरमनप्रीत कौर के बीच 59 रन की साझेदारी हुई।

पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए अमेलिया कर आई।टीम को चौथा झटका कप्तान के रुप में लगा जिन्हें साइमा ठाकुर ने क्लीन बोल्ड कर दिया। भारतीय बल्लेबाज 33 रन बनाने में कामयाब हुईं। पांचवें विकेट के लिए अमनजोत कौर और अमेलिया कर के बीच 13 रन की पार्टनरशिप हुई। अमनजोत सात रन बनाकर आउट हो गईं। वहीं, अमेलिया कर 39 रन बना सकीं। उन्होंने सजीवन सजना के साथ छठे विकेट के लिए 40 रन से ज्यादा की साझेदारी की। यूपी के खिलाफ सजना 22 रन बनाकर नाबाद रहीं। यूपी के लिए चमारी अटापट्टू ने दो विकेट लिए जबकि राजेश्वरी गायकवाड़, दीप्ति शर्मा और साइमा ठाकुर को एक-एक विकेट मिला।

### अंक तालिका का हाल

मुंबई ने इस जीत के साथ अंक तालिका में दूसरा स्थान प्राप्त कर लिया। टीम के खाते में आठ अंक हैं। वहीं, यूपी चार अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। पांच मैचों में चार जीत के साथ दिल्ली कैपिटल्स पहले स्थान पर काबिज है जबकि आरसीबी तीसरे स्थान पर है। गुजरात जाएंट्स एक जीत के साथ अंक तालिका में आखिरी स्थान पर बनी है।

# छग राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष द्वारा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का शुभारंभ

बालोद (दावा)। छत्तीसगढ़ उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने आज जिला मुख्यालय बालोद के स्व. श्री सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में बहुप्रतीक्षित जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर न्यायमूर्ति गौतम चैरड़िया ने बालोद जिले में जिला उपभोग विवाद प्रतितोष आयोग प्रारंभ करने के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचैरी की विशेष भूमिका एवं कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के कुशल नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम से मिले विशेष सहयोग की भूरी-भूरी सराहना की। उल्लेखनीय है कि न्यायमूर्ति गौतम चैरड़िया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचैरी ने किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की रजिस्ट्रार श्रीमती हिमांशु जैन, छत्तीसगढ़ उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के सदस्य श्री प्रमोद वर्मा, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष श्री गोपाल रंजन पानीग्राही, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती सुमन सिंह, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय साहू विशेष रूप से उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री गौतम चौरड़िया ने कहा कि जिले में उपभोक्ताओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु बालोद जिले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष कार्यालय का शुभारंभ करना मेरी प्राथमिकता में शामिल था। आज जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद बालोद के विशेष सहयोग से बहुप्रतीक्षित जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के कार्यालय का शुभारंभ हो रहा है। इसके लिए उन्होंने बालोद जिला प्रशासन को हृदय से धन्यवाद भी दिया। न्यायमूर्ति चैरड़िया ने कहा कि बालोद जिले में जिला उपभोक्ता



डीजे डॉ. प्रज्ञा पचौरी के प्रयासों एवं जिला प्रशासन से मिले सहयोग की भूरी-भूरी सराहना की

विवाद प्रतितोष आयोग प्रारंभ होने से उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की भी जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की जानकारी देने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से शिविर भी आयोजित की जाए। न्यायमूर्ति श्री चैरड़िया ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बालोद की टीम को उपभोक्ताओं से संबंधित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ काम करने को कहा। न्यायमूर्ति चैरड़िया ने कहा कि बालोद जिले में कार्यालय प्रारंभ होने से नियत समय पर उपभोक्ताओं से संबंधित प्रकरणों का निपटारा हो। जिससे की उपभोक्ताओं को इसका समुचित लाभ मिल सके। इस अवसर पर उन्होंने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष श्री गोपाल रंजन पानीग्राही की कार्य शैली एवं कार्य क्षमता की सराहना की। ज्ञातव्य हो कि स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में पहुँचने के पश्चात् सर्वप्रथम न्यायमूर्ति चैरड़िया के द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्ज्वलन कर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के कार्यालय का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति चौरड़िया ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचैरी, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत एवं अन्य अधिकारियों के साथ कार्यालय का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का सराहना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचैरी ने कहा कि बालोद जिले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के प्रारंभ होने से अब जिले वासियों को उपभोक्ताओं से संबंधित मामलों के निपटारे के लिए दुर्ग जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अब जिले में ही उपभोक्ताओं से संबंधित मामलों का त्वरित निपटारा हो सकेगा। डॉ. पचैरी ने कहा कि उपभोक्ताओं के मामलों के निराकरण हेतु किसी प्रकार की फीस भी नही लगेगी। इसके साथ ही जिले में आयोग के कार्य प्रारंभ हो जाने से धोखाधड़ी के शिकार होने वाले उपभोक्ताओं को आसानी से न्याय मिल सकेगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचैरी ने बालोद जिले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के प्रारंभ होने पर जिले वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। उन्होंने बालोद जिले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का शुभारंभ होने पर पूरे जिले वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## इंटरैक्टिव लर्निंग ने युगांतर में दिया उत्तम परिणाम




राजनांदगाँव (दावा)। भारत में शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी युगांतर पब्लिक स्कूल में प्राइमरी की पहली से पाँचवी तक की कक्षाओं में इन्टरैक्टिव लर्निंग कराई जा रही है। इस आशय की जानकारी प्राइमरी सेक्शन कोआर्डिनेटर श्वेता मूंदड़ा ने दी।

प्राइमरी के विद्यार्थियों को इन्टरैक्टिव लर्निंग कराने से बेहतर आउटकम प्राप्त हो रहा है। विद्यालय में बच्चों के पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। शिक्षक बच्चों के प्रति सदैव सकारात्मक रूख रखते हुए उनके प्रत्येक कौशल विशेष ध्यान देते हैं, जिससे उनका समुचित विकास हो सके। उन्होंने आगे बताया कि आगामी नए सत्र में सीबीएसई के पाठ्यक्रम अपनाते हुए न्यू डिजीटल टच बोर्ड से इस प्रकिया को और गति प्रदान की जाएगी।

उन्होंने सीबीएसई के नए फ्रेम वर्क का उल्लेख किया। उन्होंने आगे बताया कि नए फ्रेम वर्क के जरिये बच्चों को नई दक्षता में निपुण करने के साथ-साथ उन्हें एक नया विजन और लर्निंग का नया तरीका भी प्रदान किया जाएगा। बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर नियमित योग का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा, जिससे बच्चे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग हो सकेंगे। नन्हें विद्यार्थियों के लिए इस तरह के रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित होने से वे लाभान्वित होंगे। उन्होंने आगे बताया कि बच्चों को प्राइमरी की कक्षाओं में करसीव राइटिंग भी सिखाई जाएगी।

इस दिशा में हम उन्हें उनकी आयु के अनुसार गाइड करेंगे। उन्होंने प्राइमरी कक्षाओं में नित नए प्रगति परक इन कार्यक्रमों को सफलता के अंजाम तक पहुँचाने के लिए सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के प्रति शुभकामनाएँ प्रेषित की है। संस्था के प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल, चेयरमैन विनोद सदानी, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, प्रशासक सुरेंद्र भार्गव सहित युगांतर परिवार ने प्राइमरी विभाग की नए सत्र की कार्य योजना की सफलता की कामना की है।

## मासिक धर्म से संबंधित ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। कानफ्लुएंस कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं के मासिक धर्म से संबंधित जटिलताओं को दूर करने हेतु एवं स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्रदान करने हेतु महिला प्रकोष्ठ के द्वारा ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें आप सभी गूगल मीट में लिंक द्वारा जुड़कर सभी छात्राएं उपस्थित थे। यह व्याख्यान डॉक्टर स्वस्तिका तिवारी गाइनेकोलॉजिस्ट स्पेशलिस्ट हेरिटेज हॉस्पिटल वाराणसी द्वारा व्याख्यातित किया गया। इस व्याख्यान में डॉक्टर ने छात्राओं को मासिक धर्म चक्र के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया तथा उन दिनों होने वाली समस्याओं एवं उससे निपटने के लिए उपाय बताया गया साथ ही किस प्रकार अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा सकता है आदि बातों को विस्तार पूर्वक बताया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को इस समस्या को गंभीर न लेते हुए उसे सामान्य तरीके से समझे तथा जागरूक करना था।

## उल्लास नवभारत साक्षरता प्रशिक्षण सह कार्यशाला सम्पन्न

**छुरिया(दावा)। असाक्षरों को साक्षर बनाने के लिए राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण रायपुर छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार विकासखण्ड छुरिया में उल्लास नवभारत साक्षरता प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन श्रीमती रश्मि सिंह जिला परियोजना अधिकारी राजनांदगांव, मनोज मरकाम एपीसी राजनांदगांव, श्रीमती प्रणिता शर्मा एपीसी राजनांदगांव के दिशा निर्देश एवं मार्गदर्शन मे मंगलवार को संकुल केन्द्र छुरिया में किया गया।**

इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला में संकुल समन्वयकों एवं नोडल प्रभारी शिक्षकों की उपस्थिति रही। इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला के माध्यम से श्रीमती रश्मि सिंह जिला परियोजना अधिकारी राजनांदगांव, मनोज मरकाम एपीसी राजनांदगांव के द्वारा



असाक्षरों को साक्षर करने हुआ कार्यशाला का आयोजन

असाक्षरों एवं स्वयं सेवी शिक्षकों के पंजीयन कार्य, असाक्षरों को साक्षरता परीक्षा अभियान में सम्मिलित किए जाने, उल्लास एप में असाक्षरों का पंजीयन करना, वातावरण निर्माण करने, स्वयं सेवी शिक्षकों को प्रोत्साहत करने, असाक्षरों को उल्लास केन्द्र तक कैसे लायें, सर्वेयर के द्वारा सर्वे कार्य किस प्रकार किया जाना है विस्तारपूर्वक जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया गया।

उन्होंने कहा कि असाक्षरों को साक्षर बनाने के उद्देश्य को लेकर इस प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। वहीं उल्लास एप के माध्यम से किस प्रकार यह कार्य किया जाना है जिसका पूरा प्रोसेस प्रोजेक्टर के माध्यम से ब्लाक नोडल, संकुल समन्वयक सुरेश कुमार साहू के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी अनिल ठाकुर, श्रीमती भावना यदु, बीआरसी पी.डी.साहू उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड, राजनांदगांव

राजनांदगांव (दावा)। खैरागढ़, 06 मार्च 2024 - छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड खैरागढ़ के संभागीय कार्यालय में लाइनमेन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर लाइनकर्मियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता टी.के.मेश्राम ने लाइनकर्मियों को सुरक्षा उपकरणों एवं उपायों के पालन सुनिश्चित करने के टिप्स दिये। उन्होने लाइनमेन दिवस पर समस्त मैदानी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फील्ड में कार्य करने के दौरान सुरक्षा उपायों को मूलमंत्र बनाकर सुरक्षित ढंग से कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अभियंता श्री मेश्राम ने कहा कि लाइन कर्मी ही विद्युत कंपनी के प्रमुख आधारस्तंभ एवं मेरुदण्ड हैं। गर्मी, बरसात एवं विषम परिस्थितियों में



लाइन कर्मी ही विद्युत कंपनी के प्रमुख आधारस्तंभ और मेरुदण्ड हैं - मुख्य अभियंता

चौबीसों घंटे सतत विद्युत प्रदाय को बनाये रखना ही विद्युत कर्मियों की प्राथमिकता है। कार्यस्थल पर दुर्घटना रहित कार्य को संपादित करना हमारा पहला लक्ष्य होना चाहिए। लाइन में कार्य करते समय कर्मियों को हमेशा अपनी सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए। थोड़ी सी चूक या लापरवाही खतरनाक हो सकती है। सुरक्षा का मूलमंत्र है, कि एक सेफ्टी जोन बनाकर कार्य करें। विद्युत लाइनों पर कार्य करने के पूर्व विधिवत परमिट लेकर सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करते हुए एबी स्वीच को ओपन कर लाइन को डिस्चार्ज कर लेवें, और यह भी सुनिश्चित कर लेवें कि किसी अन्य उपकेन्द्र से इस लाईन पर विद्युत प्रदाय तो नही किया जा रहा है यदि ऐसा है तो उसे दूसरे छोर से भी नो बैकफीड परमिट अवश्य ले तथा लाइन को बंद करावें। मोबाइल के माध्यम से कदापि परमिट ना लें। उन्होनें समस्त तकनीकी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरणों एवं उपायों का कड़ाई से पालन करने के निर्देष दिये।

## क्षेत्र में खराब सड़कों के लिए सिर्फ विधायक की जिम्मेदार

जोंधरा (दावा)। छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम गुंडरदेही से उमरवाही और उमरवाही से गोड़लवाही गोड़लवाही से करमरी और गोड़लवाही से मासूलकसा मार्ग की कहानी शब्दों में बयां नहीं की जा सकती है उखड़ी गिट्टियां रास्ते में जगह-जगह बने गड्ढे राहगीरो की मंजिलों को और कठिन बनाते जाता है। पिछले 5 सालों से क्षेत्र के ग्रामीण सड़क निर्माण की मांग करते रहे पर ग्रामीणों की फरियाद शासन तक पहुंचकर ही सिमट कर रह गयी, और समस्याएं सिर्फ बढ़ती गई। क्षेत्र के ग्रामीण सड़क की इस जर्जर स्थिति के लिए सिर्फ क्षेत्रीय विधायक को ही जिम्मेदार मानते रहे हैं पर क्या जिले सांसद को इन समस्याओं के निराकरण के लिए कोई जवाब देही नहीं बनती, सड़कों की दशा इतनी गंभीर है कि इसे देख लगता है कि भारत बाजाय विकासशील देश के



सांसद का क्या कोई दायित्व नहीं - राजेश मेश्राम

जैसे अभी-अभी आजाद हुआ है।

सड़क के बनाओं देश आगे जाएगा- इस मार्ग में पड़ने वाले ग्राम गिदर्री, उमरवाही, गोड़लवाही, में हायर सेकेंडरी तक की कक्षाएं संचालित है जहां विद्यार्थी आजू बाजू के ग्रामों के आते जाते हैं पर पहुंच मार्ग की स्थिति अत्यंत दायनीय होने के चलते इन विद्यार्थियों को भारी तकलीफें का सामना करना पड़ रहा है। यदि इन विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा के लिए हम इन्हें सुगम मार्ग दे सके तो यह विद्यार्थी ही आने वाले सपनों का भारत और भविष्य दोनों ही बनाएंगे।

सांसद से गुजारिश -जिले के सांसद संतोष पांडे से क्षेत्र के ग्राम गिदर्री, गुण्डदेही, चंदिया संबलपुर बरबसपुर, उमरवाही, जोंधरा, बड़गांव, गोड़लवाही, आमाकट्टा, मासूलकसा के ग्रामीणों सासंद से मागं की है कि वर्तमान में राहगीरों को राहत दिलाने के नाम पर पीडब्ल्यूडी द्वारा मेंटेनेंस कार्य के तहत उक्त मार्ग में डामरीकरण हेतु विभाग को निर्देशित करने की मांग की है।

## "एक दिवसीय बहुभाषा शिक्षण कार्यशाला, प्रशिक्षण भवन छुरिया में सम्पन्न"

छुरिया (दावा)। विकासखण्ड स्तरीय एक दिवसीय बहुभाषा शिक्षण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को प्रशिक्षण भवन छुरिया मे किया गया । साथ ही कुमर्दा जोन का प्राथमिक शाला कुमर्दा में सम्पन्न हुआ ।

"बच्चों को स्थानीय भाषा में शिक्षा प्रदान करने पर दिया गया जोर"

इस शिक्षण कार्यशाला को दो जोन छुरिया एवं कुमर्दा में विभक्त किया गया था । नगर पंचायत छुरिया स्थित प्रशिक्षण भवन में आयोजित इस कार्यशाला के मास्ट्रर ट्रेनर्स रविकांत वर्मा, अविनाश मानिकपुरी, अचल कुमार वैष्णव थे । बहुभाषा शिक्षण कार्यशाला के माध्यम से मास्ट्रर ट्रेनर्स ने बच्चों की स्थानीय भाषा में शिक्षा पर जोर देते हुए प्रशिक्षण को रूचिपूर्ण एवं सारगर्भित तरीके से सम्पन्न कराया । इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों एवं शिक्षकों के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करते हुए बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराना है ताकि बच्चे बिना भय एवं तनाव के साथ अपने स्थानीय परिवेश की भाषा एवं बोली के साथ पढ़ाई में रूचि लेते हुए शिक्षा ग्रहण कर सके । बहुभाषा शिक्षण के द्वारा बच्चों को अपने परिवेश में बोली जाने वाली भाषा में शिक्षा प्राप्त करने मे सहजता एवं सरलता का बोध होता है जो निश्चित रूप से ही उनके सीखने की गति में वृद्धि करेगी । इस शिक्षण कार्यशाला में प्रत्येक प्राथमिक शालाओं से एक-एक शिक्षकों, संकुल समन्वयकों की सहभागिता रही । इस अवसर पर बीईओ प्रशांत चिर्वतकर एवं बीआरसी पी.डी.साहू सर ने प्रशिक्षण कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि बहुभाषा शिक्षण कार्यशाला बच्चों के सीखने की दिशा में अभिनव प्रयास है।

## लो वोल्टेज की समस्या से किसान परेशान, सरकार बेपरवाह- दलेश्वर साहू

राजनांदगांव/ डोंगरगांव (दावा)। गर्मी बढने के साथ ही विद्युत खपत मे बढोत्तरी होने से क्षेत्र में लो वोल्टेज की समस्या बढ़ गई है जिससे आमलोग तो परेशान हो ही रहे है इसके साथ किसानो को लो वोल्टेज की समस्या से भारी समस्याओ का सामना करना पड रहा है। लो वोल्टेज की वजह से सिंचाई मोटर पंप जलने लगे है जिससे किसानो को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा तथा फसल नष्ट होने की स्थिति मे है।

कनेक्शन बढना तथा गर्मी के दिनो मे लोड बढना स्वभाविक है पर इस समस्या के समाधान हेतु वर्तमान भाजपा सरकार की कोई तैयारी नही होने के कारण किसानो को इसका खमियाजा भुगतना पड़ रहा है। डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू ने भाजपा सरकार पर किसानो की समस्याओ के प्रति गंभीर नही होने का आरोप



7 दिवस मे निराकरण नही होने पर आंदोलन की चेतावनी

लगाते हुए कहा है कि लोवोल्टेज समस्या के समाधान हेतु विशेषकर गर्मी के दिनो मे अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर, ट्रांसफार्मर के क्षमतावृद्धि की आवश्यकता है जिसे भाजपा सरकार करने मे नाकाम है। ऐसे ही परिस्थितियो से निपटने के लिए कांग्रेस शासनकाल मे डोंगरगाव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रूवातला, कन्हारडबरी, कोठीटोला व विचारपुर नवागांव मे सबस्टेशन का निर्माण कराया गया है जिसे चार्ज कर प्रारंभ नही कर पाए है।

भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार द्वारा विद्युत विभाग राजनांदगांव को संचालन व रखरखाव तथा ट्रांसफार्मर के क्षमतावृद्धि हेतु वर्ष 2023-24 के लिए लगभग 17 करोड की राशि स्वीकृत की थी, इसके अलावा मुख्यमंत्री ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु डोंगरगांव विधान सभा क्षेत्र के गांव के लिए 26 लाख स्वीकृत किए गए थे जिस राशि को लेब्स कर दिया गया है। विधायक दलेश्वर साहू ने सरकार को चेतावनी दी है कि किसानो को 7 दिवस मे लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाए अन्यथा किसानो के साथ सडक पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

## दिग्विजय महाविद्यालय का अविष एजुकेम दुर्ग संस्थान के साथ एम.ओ.यु.



राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय महाविद्यालय नई दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य किया गया प्रदेश के जानी मानी शिक्षण संस्थान में से एक अविष एजुकेम दुर्ग संस्थान के साथ एम.ओ.यु. किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के. एल. टांडेकर जी ने बताया कि यह एम.ओ.यु.महाविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु आवश्यक साबित होगा विद्यार्थीगण इस संस्थान से नई पीढ़ी के कोर्सेस इंटेलिजेंस कोर्सेस पैथोलॉजी कोर्सेस ऐसे ही अनेक कोर्सेस का लाभ उठा सकते हैं जो कि यूथ के स्वरोजगार योजना के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य साथ ही अविष एजुकेम संस्थान के डायरेक्ट निलेश पारख, एम.ओ.यु. कमेटी की संयोजिका डॉ.सुमिता श्रीवास्तव साथ ही महाविद्यालय के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा जी, शरद तिवारी एवं राहुल शर्मा उपस्थित रहे।

## 10 वी बोर्ड परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण व्यवस्था संबंधी लिया जायजा

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर महोदय राजनांदगांव के आदेशानुसार छ.ग. माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं में नकल अथवा किसी प्रकार की गड़बड़ी रोकने तथा निर्विघ्न सम्पन्न कराने हेतु जिला स्तर पर चार उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है।

इसी तारतम्य में गठित दल क्रमांक 2 में प्रभारी अधिकारी सतीश ब्यौहरे जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा राजनांदगॉव को नियुक्त किया गया है एवं सहायक अधिकारी के रूप में पी.आर.झाड़े सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा राजनांदगांव एवं दल के अन्य सदस्य मनीष कुमार सोनी व्याख्याता, श्रीमती स्वाति वर्मा व्याख्याता को दायित्व सौंपा गया है। इस उड़नदस्ता दल द्वारा दिनांक 6 मार्च को आयोजित 10 वीं की परीक्षा अंग्रेजी विषय में कुल 05



दसवीं बोर्ड की परीक्षा में बैठक व्यवस्था में मिली गड़बड़ी व्यवस्थित करने के दिए निर्देश

परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया जिसमे किसान शास.उ.मा.शा. करमतरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला किरगी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खुज्जी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गिदर्री एवं स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल डोंगरगांव शामिल है। निरीक्षण के दौरान सतीश ब्यौहरे ने बच्चों की बैठक व्यवस्था, पेयजल सुविधा, विद्युत व्यवस्था शौचालय की साफ सफाई आदि के संबंध में भी केंद्राध्यक्ष से चर्चा किया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला किरगी व शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खुज्जी के बैठक व्यवस्था व्यवस्थित करने के भी निर्देश दिए गए। उक्त सभी परीक्षा केन्द्रों में नकल के कोई भी प्रकरण नहीं पाये गये।














































स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com